तापमान
अधिकतम 33 .3 डिग्री
न्यूनतम 14 .7 डिग्री

हरिभूमि
# सोनीपत भूमि

रोहतक, सोमवार 6 अप्रैल 2026

11 समाधान के नाम पर शुरू हुआ टैंकरों का खेल

12 सेक्टर-23 में महाराज सूरजमल की प्रतिमा का ...


## पैसेंजर ट्रेन की महिला बोगी में सफर करते 21 पुरुष यात्री गिरफ्तार

■ दिल्ली मुख्यालय से आई स्पेशल टीम के साथ आरपीएफ थाने की टीम ने चलाया संयुक्त अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

सोनीपत स्टेशन पर रविवार को दिल्ली मुख्यालय की टीम की ओर से विशेष अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान दिल्ली से कुरुक्षेत्र जा रही पैसेंजर ट्रेन की महिला बोगी में यात्रा करते हुए 21 पुरुष यात्रियों को गिरफ्तार किया गया। इस कार्रवाई के दौरान आरपीएफ के उप निरीक्षक सहाबुद्दीन भी टीम के साथ मौजूद रहे।

■ टीम ने कानूनी प्रक्रिया के बाद सभी को जमानत पर छोड़ा, 20 अप्रैल को न्यायालय में पेश होने की हिदायत

सोनीपत स्टेशन पर जांच के दौरान सभी यात्रियों को ट्रेन से उतारकर रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) थाने ले जाया गया। थाने में पुरुष यात्रियों के खिलाफ रेलवे अधिनियम एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की गई। आरोपियों की ओर से जमानत की मांग किए जाने पर मुचलके (बॉड भरवाकर) आधार पर नियमानुसार उन्हें छोड़ दिया गया। सभी पुरुष यात्रियों को 20 अप्रैल को न्यायालय में पेश होने के निर्देश दिए गए हैं।


फाइल फोटो

### दिल्ली से कुरुक्षेत्र जाने वाली ट्रेन में चली जांच

आरपीएफ के उप निरीक्षक सहाबुद्दीन ने बताया कि सोनीपत स्टेशन पर रविवार को दिल्ली मुख्यालय से आई टीम ने प्रभारी उमा रानी के नेतृत्व में अभियान चलाया। अभियान के दौरान दिल्ली से आई टीम व स्थानीय आरपीएफ थाना टीम ने मिलकर सुबह नई दिल्ली से कुरुक्षेत्र जाने वाली ट्रेन संख्या 64465 पैंसेजर गाड़ी में जांच की। जांच के दौरान उक्त ट्रेन की महिला बोगी में 21 पुरुष यात्री सफर करते पाए गए। टीम ने तुरंत कार्रवाई करते हुए सभी पुरुष यात्रियों को गिरफ्तार कर लिया।

### शिकायत पर एक्शन

बताया जा रहा है कि टीम की यह कार्रवाई लगातार महिला बोगियों में पुरुष यात्रियों की घुसपैठ की शिकायतों के आधार पर की गई है। जब टीम ने जांच की, तो शिकायतें उचित पाई गई। यह पुरुष यात्री सुविधा के नाम पर रेलवे के नियमों को ठेंगा दिखा रहे थे। टीम ने बिना किसी भेदभाव के सभी पुरुष यात्रियों को सोनीपत स्टेशन पर ट्रेन से नीचे उतार लिया। इसके बाद सभी को आरपीएफ थाने में ले जाया गया, जहां रेलवे अधिनियम एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। पूछताछ के दौरान कुछ यात्रियों ने तर्क दिया कि ट्रेन में भीड़ ज्यादा थी, इसलिए मजबूरी में वह महिला बोगी में बैठ गए। इसके बाद टीम ने कानूनी प्रक्रिया के बाद सभी पुरुष यात्रियों को जमानत पर छोड़ दिया गया। साथ ही उन्हें 20 अप्रैल को न्यायालय में पेश होने की हिदायत दी गई। अन्यथा आरोपियों पर कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

## खबर संक्षेप

### आज भंडेरी पावर हाउस में बिजली बाधित रहेगी

**गोहाना।** सोमवार को भंडेरी स्थित उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम के 132 केवी पावर हाउस की मेन सप्लाई सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक बंद रहेगी। ऐसे में इसके अंतर्गत आने वाले सभी 33केवी पावर हाउस की बिजली सप्लाई भी बंद रहेगी।
उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम के कथूरा सब डिविजन के एसडीओ कपिल यादव ने बताया कि हरियाणा विद्युत प्रसारण निगम की टीम द्वारा गांव भंडेरी के 132 केवी पावर हाउस में मेंटेनेंस कार्य किया जाएगा। जिसके चलते इस पावर हाउस से चलने वाले 33 केवी पावर हाउस मदीना, 33 केवी पावर हाउस भावड़, 33 केवीय पावर हाउस कथूरा व 33 केवी पावर हाउस बुटाना की बिजली सप्लाई भी बंद रहेगी। इन पावर हाउसों की बिजली बंद रहने से क्षेत्र के गांव मदीना, मिर्जापुर खेड़ी, छिछड़ाना, कथूरा, कैहल्पा, धनाना, छपड़ा, भावड़, रिंढाना, घड़वाल, निजामपुर, बुटाना, गंगाना, सिवाना, राणा खेड़ी, कोहला, नूरनखेड़ा और ईशापुर खेड़ी गांवों की बिजली सप्लाई बाधित रहेगी।

### अवैध हथियार के साथ युवक गिरफ्तार

**सोनीपत।** क्राइम यूनिट पश्चिम की टीम ने अवैध हथियार रखने के मामले में एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए युवक की पहचान रजत निवासी गांव राठधाना के रूप में हुई है। पुलिस को 4 अप्रैल 2026 को गश्त के दौरान सूचना मिली थी कि रजत गेट नंबर 2, अनाज मंडी खरखौदा रोड पर अवैध पिस्तौल लेकर खड़ा है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पुलिस को देखकर युवक भागने लगा, लेकिन टीम ने उसे काबू कर लिया। तलाशी के दौरान उसके पास से एक देशी पिस्तौल बरामद हुई, जिसका वह कोई लाइसेंस नहीं दिखा सका। पुलिस ने आरोपित के खिलाफ शस्त्र अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर उसे अदालत में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

### नकदी व मोबाइल चोरी करने का आरोपी काबू

**गोहाना।** शहर थाना की पुलिस ने घर से मोबाइल और नकदी चोरी करने के मामले में आरोपित गांव गढ़ी उजाले खां के अजय उर्फ मास्टर को गिरफ्तार किया। एक महिला ने पुलिस को शिकायत दी थी कि एक अप्रैल की रात सोते समय उसने मोबाइल चारपाई के पास रखा था। देर रात उठने पर मोबाइल व बैग गायब मिला। बैग में 15 हजार रुपये रखे थे। पुलिस ने अजय को गिरफ्तार किया और उससे मोबाइल व 35 सौ रुपये बरामद किए।

### अफीम की खेप के साथ तस्कर गिरफ्तार

**गोहाना।** क्राइम यूनिट गोहाना की पुलिस ने मादक पदार्थ तस्करी में आरोपित बरेली के रामपाल को गिरफ्तार किया। पुलिस ने उसे न्यायालय में पेश करके दो दिन के रिमांड पर लिया। पुलिस को सूचना मिली थी कि रामपाल अफीम की सप्लाई करने गोहाना आएगा। इसके बाद सेक्टर सात मोड़ पर नाकाबंदी कर उसे काबू किया गया। तलाशी के दौरान उसके बैग से 770 ग्राम अफीम बरामद हुई। आरोपित के विरुद्ध केस दर्ज किया गया।

### घर से आभूषण चोरी करने वाला काबू

**गोहाना।** बरोदा थाना की पुलिस ने घर से जेवर व नकदी चोरी की घटना में आरोपित गांव मदीना के रोहित उर्फ धोला को गिरफ्तार किया। न्यायालय के आदेश पर उसे एक दिन के पुलिस रिमांड पर लिया। एक महिला ने एक अप्रैल को पुलिस को शिकायत दी थी कि वह 22 मार्च को अपने मायके गई हुई थी। जब एक अप्रैल को वापस लौटी तो घर का मुख्य गेट टूटा हुआ मिला। अंदर अलमारी से नकदी व जेवर चोरी हो गए थे।

## 15% नमी बताकर एजेंसी का गेहूं खरीदने से इनकार

**फसल की सफाई न होने पर भी किसानों से नहीं खरीदी जा रही गेहूं**

**खरखौदा व गोहाना मंडी में भी आढ़तियों ने गेहूं डलवाने से किया मना**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

रोहतक रोड स्थित सोनीपत व गन्नौर की अनाज मंडियों में रविवार को भी गेहूं की आवक जारी रही। सोनीपत मंडी में किसानों का फिलहाल करीब 10 हजार क्विंटल गेहूं बिकने का इंतजार कर रहा है। नमी 15 प्रतिशत व गेहूं में सफाई न होने के कारण रविवार को एचडब्ल्यूसी ने खरीद करने से मना कर दिया। खरीद न होने के कारण किसानों को परेशानी झेलनी पड़ी। किसान मंडी परिसर में गेहूं डालने के बाद वापस लौटने को मजबूर हुए। अब सोमवार को हैफेड की ओर से गेहूं खरीद की जानी है। उधर खरखौदा व गोहाना मंडी में आढ़तियों ने गेहूं डलवाने से मना कर दिया है। बता दें कि सोनीपत की अनाज मंडी में अब तक 8140 क्विंटल गेहूं खरीदा जा चुका है। इनमें से करीब 3000 बैग का रविवार को उठान किया गया। इन बैग को शुगरफेड के गोदाम में रखवाना शुरू कर दिया गया है। मंडी में रविवार को काफी संख्या में किसान खरीद के लिए गेहूं लेकर पहुंचे। इस दौरान एचडब्ल्यूसी के अधिकारियों ने गेहूं में नमी ज्यादा होने के हवाला देते हुए खरीद से मना कर दिया। साथ ही गेहूं में 15 प्रतिशत से ज्यादा नमी की मात्रा बताई। इसके अलावा गेहूं में सफाई का अभाव भी खरीद न होने का कारण रहा। ऐसे में किसानों को परेशानी का सामना करना पड़ा।


**सोनीपत।** रोहतक रोड स्थित नई अनाज मंडी में शेड के नीचे पड़ा गेहूं।

### गेहूं से भरे 13280 बैगों के उठान का इंतजार

अनाज मंडी में फिलहाल गेहूं से भरे हुए 13280 बैग रखे गए हैं। इनका जल्द उठान किया जाना है। इन गेहूं के बैग का उठान होने के बाद ही किसानों के खाते में भुगतान हो सकेगा। किसान गेहूं की खरीद व भुगतान शुरू होने क इंतजार कर रहे हैं। वहीं खरखौदा मंडी में 10 हजार क्विंटल और गन्नौर व गोहाना में मंडी में चार-चार हजार क्विंटल गेहूं की आवक हो चुकी है, लेकिन वहां अब तक खरीद शुरू नहीं हो पाई है। ऐसे में किसानों को परेशानी झेलनी पड़ रही है।

### तार से निकली चिंगारी से भोगीपुर में छह एकड़ गेहूं की फसल जली



**गन्नौर।** गांव भोगीपुर में रविवार को गेहूं की खड़ी फसल में अचानक आग लगने से चार किसानों की करीब 6 एकड़ फसल जलकर राख हो गई। आग से किसानों को भारी नुकसान झेलना पड़ा। जानकारी के अनुसार किसान दलेल शर्मा, सतीश, रघुवीर व एक अन्य किसान ने अपने खेतों में गेहूं की फसल उगा रखी थी। किसानों का कहना है कि खेतों के ऊपर से गुजर रही बिजली लाइन के तारों से निकली चिंगारी के कारण आग लगी, जिसने देखते ही देखते विकराल रूप धारण कर लिया। आग की सूचना मिलते ही ग्रामीण मौके पर पहुंचे और दमकल विभाग को सूचित किया। ग्रामीणों ने ट्रैक्टर चलाकर आसपास की फसल को बचाने का प्रयास किया। दमकल टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक फसल नष्ट हो चुकी थी।

## चलती बाइक में आग लगी युवक छोड़कर चलता बना



**सोनीपत।** नेशनल हाईवे-44 पर रविवार को उस समय हड़कंप मच गया जब एक चलती बाइक में अचानक भीषण आग लग गई। देखते ही देखते बाइक आग की लपटों में घिर गई और मुख्य मार्ग पर धू-धू कर जलने लगी। गनीमत यह रही कि बाइक सवार ने समय रहते कूदकर अपनी जान बचा ली। हालांकि, हादसे के तुरंत बाद चालक मौके से कहीं चला गया, जिसके कारण उसकी पहचान नहीं हो पाई है।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, बाइक से पहले धुआं उठता दिखाई दिया और कुछ ही सेकंड में पूरी बाइक आग की चपेट में आ गई। हाईवे पर वाहनों की रफ्तार तेज होने के कारण अन्य वाहन चालक जलती हुई बाइक के बेहद करीब से गुजरते रहे, जिससे किसी बड़े हादसे की आशंका बनी रही। राहगीरों ने बताया कि घटना की जानकारी तुरंत संबंधित विभाग और एनएचएआई को दी गई, लेकिन काफी देर तक कोई भी टीम मौके पर सहायता के लिए नहीं पहुंची।

### तकनीकी खराबी से आग लगने की आशंका

प्रारंभिक तौर पर माना जा रहा है कि बाइक में आग लगने का मुख्य कारण तकनीकी खराबी या शॉर्ट सर्किट हो सकता है। हाईवे पर इस तरह बीच सड़क बाइक जलने से कुछ समय के लिए यातायात भी प्रभावित हुआ। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया और मामले की जांच शुरू कर दी है। फिलहाल पुलिस आसपास के सीसीटीवी फुटेज और अन्य माध्यमों से बाइक मालिक का पता लगाने का प्रयास कर रही है।

## बहालगढ़ चौक पर बाइक सवारों ने दिनदहाड़े महिला से मोबाइल छीना

**ऑटो का इंतजार कर रही थी, झपट्टा मारकर ले गए फोन**

**सोनीपत।** बहालगढ़ चौक पर सवारी का इंतजार कर रही महिला का बाइक सवार दो युवकों ने दिनदहाड़े मोबाइल छीन लिया और भाग गए। पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव गढ़ी ब्राह्मण निवासी कोमल ने प्राथमिकी दर्ज कराई है कि वह निजी कंपनी में कार्यरत हैं। वह बहालगढ़ चौक पर सवारी का इंतजार कर रही थीं। इसी दौरान उनके मोबाइल पर कॉल आई और वह बात करने लगी। तभी बाइक पर सवार दो युवक उनके पास पहुंचे और झपट्टा मारकर मोबाइल छीन लिया। घटना इतनी तेजी से हुई कि वह बाइक का नंबर तक नहीं देख सकी। पुलिस ने पीड़िता के बयान के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर ली है। सीसीटीवी की फुटेज खंगाली जा रही है ताकि झपटमारों की पहचान कर उन्हें जल्द गिरफ्तार किया जा सके।




■ गढ़ी ब्राह्मण निवासी कोमल की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज किया

■ बाइक नंबर नोट नहीं कर पाई, पहचान के लिए सीसीटीवी खंगाले

## फोन व नकदी चुराने वाला गिरफ्तार

**गोहाना।** सदर थाना की पुलिस ने मोबाइल व नकदी छीनने की घटना में आरोपित गांव गढ़ी सराय नामदार खां के दीपक को गिरफ्तार किया। न्यायालय के आदेश पर उसे न्यायिक हिरासत में भेजा गया। गांव खानपुर कलां के वकील ने आठ नवंबर 2025 को पुलिस को शिकायत दी थी कि वह गोहाना में अपनी गाड़ी का काम करवाकर गांव जा रहा था। गांव के निकट लघुशंका के लिए रुका था। उसी समय स्विफ्ट कार में चार-पांच युवक आए और उससे दो मोबाइल व दो हजार रुपये छीन ले गए। पुलिस ने आरोपित दीपक को गिरफ्तार किया। इससे पहले नाबालिग समेत चार आरोपित गिरफ्तार किए जा चुके हैं। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है।


■ छीनाझपटी मामले में पुलिस नाबालिग सहित चार को गिरफ्तार कर चुकी

## नागरिक अस्पताल में सुविधा

### अत्याधुनिक एनेस्थीसिया वर्क स्टेशन स्थापित, अब ओटी में छह टेबल पर हो सकेगी सर्जरी

**सोनीपत।** जिला नागरिक अस्पताल में मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में ऑपरेशन थियेटर का कायाकल्प कर उसे दोबारा शुरू कर दिया गया है। नवीनीकरण कार्य पूरा होने के बाद अब ओटी में टेबल की संख्या तीन से बढ़ाकर छह कर दी गई है। क्षमता दोगुनी होने से अब मरीजों को सर्जरी के लिए लंबा इंतजार नहीं करना पड़ेगा और न ही उन्हें निजी अस्पतालों का रुख करना होगा। लोक निर्माण विभाग द्वारा किए गए मरम्मत कार्य के चलते पिछले करीब डेढ़ माह से यहां ऑपरेशन प्रक्रिया बंद थी जिससे वेटिंग लिस्ट एक माह तक पहुंच गई थी। अस्पताल के ऑपरेशन थियेटर में एक नया और अत्याधुनिक एनेस्थीसिया वर्क स्टेशन भी स्थापित किया गया है। इस मशीन की मदद से जटिल और बड़े ऑपरेशनों के दौरान मरीजों को बेहोश करने की प्रक्रिया अधिक सटीक और सुरक्षित हो जाएगी। यह वर्क स्टेशन न केवल एनेस्थीसिया की मात्रा को नियंत्रित करता है बल्कि सर्जरी के दौरान मरीज के स्वास्थ्य संकेतों की भी बारीकी से मॉनिटरिंग करता है। अस्पताल में पहले से मौजूद वर्क स्टेशन के साथ अब इस नई मशीन के आने से चिकित्सकों को बड़ी सर्जरी करने में काफी सुगमता होगी।

#### नेत्र सर्जरी शुरू

नागरिक अस्पताल में ऑपरेशन थियेटर को शुरू कर दिया गया है। नवीनीकरण कार्य के चलते पहले जरूरी ऑपरेशन किए जा रहे थे। अब नेत्र ऑपरेशन व सर्जरी भी चालू कर दी गई है।
-डॉ. ज्योत्सना, सिविल सर्जन

#### पहले 250 ऑपरेशन होते थे अब 600 सर्जरी का लक्ष्य

पहले नागरिक अस्पताल के ओटी में केवल तीन टेबल उपलब्ध थीं जिसके माध्यम से महीने में औसतन 250 ऑपरेशन किए जाते थे। अब छह टेबल कार्यात्मक होने के बाद स्वास्थ्य विभाग ने हर माह करीब 600 सर्जरी करने का लक्ष्य निर्धारित किया है। 13 फरवरी से बंद पड़े ओटी के दोबारा शुरू होने से अब हड्डी रोग, नेत्र रोग, ईएनटी और परिवार नियोजन सहित अन्य सामान्य सर्जरी नियमित रूप से शुरू हो सकेंगी। इससे जिले के गरीब और जरूरतमंद मरीजों को बड़ी राहत मिलेगी।

**विश्वविद्यालय में कार्यक्रम आज, राज्यपाल व मुख्यमंत्री भी पहुंचेंगे**

## डीसीआरयूएसटी के दीक्षांत समारोह में शिरकत करेंगे उपराष्ट्रपति, पुलिस ने 24 घंटे के लिए रेड जोन घोषित किया

■ शहर में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी, ड्रोन उड़ाने पर प्रतिबंध

**सोनीपत।** देश के उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन के मुरथल आगमन को लेकर जिला प्रशासन और पुलिस पूरी तरह से अलर्ट मोड पर है। सोमवार को दीनबंधु छोटूराम विज्ञान एवं तकनीकी विश्वविद्यालय (डीसीआरयूएसटी) में आयोजित होने वाले दीक्षांत समारोह में उपराष्ट्रपति बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगे। वीवीआईपी मूवमेंट और सुरक्षा की संवेदनशीलता को देखते हुए पूरे पुलिस कमिश्नरेट क्षेत्र में सुरक्षा घेरा कड़ा कर दिया गया है। इसी कड़ी में डीसीपी मुख्यालय सोनाक्षी सिंह ने आदेश जारी कर जिले में ड्रोन और अन्य मानव रहित हवाई उपकरणों (यूएवी) के संचालन पर तत्काल प्रभाव से पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया है।डीसीपी द्वारा जारी आदेशों के अनुसार सोनीपत जिला एनसीआर क्षेत्र में स्थित होने के कारण सुरक्षा की दृष्टि से बेहद संवेदनशील है। उपराष्ट्रपति के कार्यक्रम के दौरान किसी भी प्रकार की सुरक्षा चूक की गुंजाइश न रहे, इसके लिए विशेष सतर्कता बरती जा रही है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि ड्रोन जैसे उपकरणों से हवाई सुरक्षा और संवेदनशील स्थानों पर खतरा उत्पन्न हो सकता है, इसीलिए इनकी आवाजाही पर नियंत्रण लगाना आवश्यक है। आदेश के तहत वीडियोग्राफी, सर्वे, विज्ञापन या मनोरंजन जैसे किसी भी उद्देश्य के लिए बिना अनुमति ड्रोन उड़ाना वर्जित होगा। पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था को पुख्ता करने के लिए 5 अप्रैल शाम 7 बजे से लेकर 6 अप्रैल शाम 7 बजे तक पूरे जिले को अस्थायी रूप से रेड जोन घोषित कर दिया है। इस निर्धारित समयावधि के दौरान ड्रोन का संचालन पूरी तरह निषिद्ध रहेगा। अधिकारियों ने सख्त चेतावनी दी है कि यदि कोई भी व्यक्ति इन आदेशों का उल्लंघन करता पाया गया, तो कड़ी कार्रवाई होगी।

### अधिकारियों ने लिया तैयारियों का जायजा



**सोनीपत।** दीनबंधु छोटू राम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालयमुरथल में 6 अप्रैल को होने वाले दीक्षांत समारोह में देश के उप-राष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगे। दीक्षांत समारोह में राज्यपाल प्रो. असीम कुमार घोष व मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी भी शामिल होंगे। समारोह की तैयारियों को लेकर उपायुक्त नेहा सिंह ने रविवार को यूनिवर्सिटी का दौरा कर सभी व्यवस्थाओं की विस्तार से समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने उप-राष्ट्रपति के सुरक्षा में तैनात अधिकारियों तथा यूनिवर्सिटी व जिला प्रशासन के अधिकारियों के साथ बैठक कर सुरक्षा व्यवस्था, ट्रैफिक प्रबंधन, पार्किंग, अतिथियों के आगमन व प्रस्थान मार्ग, मीडिया व्यवस्था और आपातकालीन प्रबंधन से जुड़ी तैयारियों को लेकर संबंधित विभागों को दिशा-निर्देश दिए। उपायुक्त नेहा सिंह ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी व्यवस्थाएं समय से पूर्व पूर्ण कर ली जाएं और विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित किया जाए। इस मौके पर अतिरिक्त उपायुक्त अजय चौपड़ा, एसडीएम सुभाष चंद्र, तहसीलदार कीर्ति सहित संबंधित सभी अधिकारी मौजूद रहे।

# साहित्य

*हम वो हैं जो हमें हमारी सोच ने बनाया है, इसलिए इस बात का धयान रखिये कि आप क्या सोचते हैं। शब्द गौण हैं, विचार रहते हैं, वे दूर तक यात्रा करते हैं।*

**- स्वामी विवेकानंद**





कहानी

अर्चना कोचर

# विश्वास की कसौटी

**वह एक प्रतिष्ठित कारोबारी की बेटी थी, जो विदेश की एक कंपनी में काम करती थी। उसकी मां बिलखते हुए बोली-"बेटी, दो दिन पहले स्कूटी से शाम को शॉपिंग करने बाजार गई थी।'**

सुबह-सुबह दरवाजे पर लगातार बजती घंटी से झुंझलाकर रुचिका ने गुस्से में दरवाजा खोला। सामने आधे फटे मैले-कुचैले कपड़ों में जवान लड़की खड़ी थी। चेहरा उतरा हुआ, होंठ फटे तथा आंखों में दहशत थी। वह लड़की उसे टुकुर-टुकुर देखने लगी। रुचिका माथे पर भौहें चढ़ाकर बोली-"अरी! बोलो क्या कहना है.. क्यों सुबह-सुबह टाइम खोटी कर रही हो..?" वह लड़खड़ाती ज़ुबान में बोली -"मैं.. नि..धी.., घर..फोन, किराया.. पैसे..।' तभी साथ वाले पड़ोसी के जवान बेटे अभय और अभिनव को आते देखकर वह ऐसे ठिठकी, जैसे उसे सौ वोल्टेज का झटका लगा हो और खुद में सिमटने की कोशिश करने लगी। भय के मारे उसका चेहरा पीला पड़ गया। रुचिका के करीब आने के लिए वह दो कदम और आगे बढ़ी-जैसे कुछ कहना चाहती हो, पर शब्द गले में अटक गए हो। होंठ हिल रहे थे, पर ज़ुबान साथ नहीं दे रही थी। उसकी आंखों और कांपते हाथों के इशारों में मदद की एक मूक पुकार थी। सुबह-सुबह एक तो पूरे घर को व्यवस्थित करके दफ्तर जाने की जल्दी, ऊपर से जवान लड़की को भीख मांगते देखकर रुचिका स्वयं पर नियंत्रण नहीं रख पाई और क्रोधाग्नि में जलते हुए -"सुबह-सुबह भीख मांगना शुरू कर देते हो। कुछ तो शर्म करो.., भरी जवानी में दो वक्त की रोटी भी कमाकर नहीं खा सकती हो.. और उसे अनदेखा करके फटाक से गेट बंद कर दिया।" और वह मन-ही-मन बड़बड़ाते हुए–"इन भोली-भाली शक्लों के पीछे शैतानी दिमाग के बड़े-बड़े षड्यंत्र चलते हैं।"

फिर पति मुकेश की तरह मुखातिब होते हुए -"अभिनव और अभय दोनों पुलिस और सीआईडी में है। उन्हें देखकर उस लड़की ने ऐसी प्रतिक्रिया दी जैसे चोरी पकड़े जाने पर गुनाह से मुकर रही हो।" मुकेश-"यह अकेले काम नहीं करती हैं। इनके पीछे इनका पूरा गैंग होता है। इनका ज्यादातर काम इशारों से ही चलता है।" आजकल ठगों के भी नए-नए तरीके हो गए हैं। मदद मांगने के बहाने घर के अंदर घुस आते हैं ।" रुचिका ने सिर हिलाया, लेकिन कहीं भीतर असली और नकली में एक द्वंद्व छिड़ गया-"क्या वाकई वह ठग थी..?" दो घंटे बाद कार से दफ्तर जाते हुए सड़क किनारे लगी भीड़ को देखकर रुचिका ने गाड़ी रोककर ऊंची-ऊंची आवाज में-"क्या हुआ..क्या हुआ..का शोर मचाकर सबका ध्यान अपनी तरफ आकर्षित करने लगी।' पास खड़े दुकानदार ने कहा -"सुबह से कोई लड़की गली में मदद की आस में इधर-उधर घूम रही थी, किसी से कुछ मांग रही थी। पर, कोई ध्यान नहीं दे रहा था। थोड़ी देर पहले यहीं गिर पड़ी।" वह फटाफट गाड़ी से उतरी और भीड़ के बीच सड़क पर उसी लड़की को बेहोश देखकर हैरानी से-"अरे! क्या हुआ इसे। दो घंटे पहले तो ठीक-ठाक थी। मेरे दरवाज़े पर भी आई थी, मदद मांग रही थी..। ठीक से बोल नहीं पा रही थी।

***सुबह-सुबह एक तो पूरे घर को व्यवस्थित करके दफ्तर जाने की जल्दी, ऊपर से जवान लड़की को भीख मांगते देखकर रुचिका स्वयं पर नियंत्रण नहीं रख पाई और क्रोधाग्नि में जलते हुए -"सुबह-सुबह भीख मांगना शुरू कर देते हो। कुछ तो शर्म करो.., भरी जवानी में दो वक्त की रोटी भी कमाकर नहीं खा सकती हो...***



शायद अपना नाम निधि बता रही थी, फोन और पैसे मांग रही थी। हो सकता है घर पर फोन करना चाह रही हो या घर जाने के लिए किराए के पैसे मांगने आई हो।" अब सुबह-सुबह सभी अपनी-अपनी दिनचर्या की आपा-धापी में व्यस्त होते हैं। इस बेचारी की मजबूरी कोई समझ नहीं पाया।" उस पर पानी के छींटें मारकर उसे होश में लाने की काफी कोशिश की गई, उसकी धड़कने धड़क रही थी, पर शरीर हरकत नहीं कर रहा था। रुचिका दफ्तर जाना भूल गई। दो-चार जवानों की मदद से उसे अपनी कार में डालकर फटाफट अस्पताल ले गई। उसके मन में आत्मग्लानी का बोध था-"उस बेचारी की ज़ुबान में कंपन थी, हलक भी सूख रहा था। उसने इशारों में अपनी बात समझाने की कितनी कोशिश की थी-उस समय इसे दो घूंट पानी ही पिला देती।" काश! सुबह इसकी समय पर मदद कर दी होती। अंतर्द्वंद्व की ऊहापोह में उलझी–अब यह रुचिका क्या करती–रोज़ नए रूपों में होने वाले धोखे और ठगी की वारदातों ने तो जरूरतमंदों की मदद पर से भरोसा ही खत्म कर दिया है। अब इस मासूम निधि की सच्ची पुकार भी शक के घेरे में आ गई। तेरे मन के पेंडुलम में झूलती इस शक की सुई ने दांव पर लगा दी ना एक मासूम ज़िंदगी। रुचिका की बढ़-चढ़कर निधि की मदद के कारण पीजीआई के डॉ विपुल शाह ने -"क्या हुआ इसे...?"
रुचिका- "डॉ. साहब, पता नहीं, सड़क के किनारे बेहोश मिली है।" डॉ विपुल शाह-"फिर तो पुलिस केस बनेगा। क्या यह आपकी पहचान में है?"

रुचिका - "नहीं, फिर भावुक होते हुए - डॉ. साहब, आप पुलिस को सूचित कर दीजिए, लेकिन पहले इसका इलाज शुरू कीजिए।" डॉ. विपुल शाह-"कल को कोई समस्या हो गई तो बात हमारी नौकरी पर आ जाएगी। आप तो पढ़ी-लिखी समझदार हैं, आपको पता ही है मीडिया और पुलिस का..।" रुचिका - "डॉ. साहब, मैं गारंटी ले रही हूं। आप इसका इलाज शुरू करिए।" लेकिन साथ आए युवक- "मैडम, कल को कोई लफड़ा हो गया तो लेने के देने पड़ जाएंगे। ऐसे निर्णय जज्बातों में बहकर जल्दबाजी से नहीं लिए जाते।"
रुचिका-" सुबह इस बेचारी की मदद ना कर पाने के कारण इसकी रुकती सांसों पर लेने के देने तो अभी भी पड़ रहे हैं।" युवक-"मैडम, पुलिस को आने दीजिए। केस की तहकीकात के पश्चात कोई फैसला लेना उचित होगा।"

रुचिका-" पर, तब तक बहुत देर हो जाएगी। अगर इसे कुछ हो गया तो, मैं तो जीते जी ही मर जाऊंगी।" वह निधि के इलाज में एक सेकेंड की देरी भी सहन नहीं कर पा रही थी, इसलिए उसकी निगाहें केवल निधि पर टिकी थी। डॉक्टरों के रोकने के बावजूद उसके कदम बार-बार उसके बेड की तरफ मुड़ जाते तथा उसकी धड़कनों की पुष्टि कर आते थे। पुलिस ने आते ही शीघ्रता से पूछताछ करके अपनी फाइल बना ली तथा डॉक्टर भी बड़ी तन्मयता से निधि के इलाज में जुट गए। उसकी लगातार उखड़ती सांसों के बावजूद उसकी जिंदगी के लिए धरती के भगवानों की उस सर्वशक्तिमान से जंग जारी रही। रुचिका वहीं बैठी रही तथा हाथ जोड़कर भगवान से प्रार्थना करती रही। हर बीतते पल के साथ उसे अपनी गलती का अहसास और भारी लगता जा रहा था और दिमाग स्कूल के गलियारे में पढ़ी 'हार की जीत' कहानी में घूम रहा था। बाबा भारती ने तो डाकू खड़क सिंह से यह वचन लिया था कि तुम दुनिया को यह मत बताना कि तुमने बाबा भारती से यह घोड़ा कैसे लिया है, वर्ना लोग अपाहिजों और दीन-दुखियों की मदद करना छोड़ देंगे। आज यही बात बिल्कुल यथार्थ हो गई है। पीड़ा की गहन अनुभूति में वह खुद से बड़बड़ाई - "बाबा भारती और सुल्तान तो हारकर भी जीत गए थे, पर यह रुचिका विश्वास की कसौटी पर.....।" पुलिस की तत्परता तथा नवयुवकों की सोशल मीडिया पर सक्रिय कोशिशों से निधि की पहचान मिल गई। वह एक प्रतिष्ठित कारोबारी की बेटी थी, जो विदेश की एक कंपनी में काम करती थी। पता लगते ही रोता-बिलखता पूरा परिवार अस्पताल आ गया। उसकी मां बिलखते हुए बोली- "बेटी, दो दिन पहले स्कूटी से शाम को शॉपिंग करने बाजार गई थी। स्कूटी पार्किंग में ही खड़ी रही और बेटी लौटकर नहीं आई। पास के पुलिस स्टेशन में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज करवाई थी। पुलिस ने मुस्तैदी दिखाते हुए वहां के सीसीटीवी फुटेज की मदद से देखा - निधि शॉपिंग करके पार्किंग की तरफ जा रही है, तभी पीछे से बिना नंबर प्लेट के तेज गति से आती गाड़ी का दरवाजा खुला, किसी ने उसे गाड़ी के अंदर खींच लिया और गाड़ी सरपट भगा दी। अंधेरे के कारण सीसीटीवी कैमरे में किसी का भी चेहरा स्पष्ट नजर नहीं आया।" उसके मां-बाप से ज्यादा रुचिका सदमे में थी और जोर-जोर से बिलखते हुए-"उन दरिंदों के बराबर मैं भी कसूरवार हूं।" निधि के मां-बाप ने उसे प्यार से तसल्ली दी– "बेटी, खुद को दोष मत दो.. होनी अटल है।" डॉक्टरों के अनुसार- इसके साथ कई बार गैंगरेप किया गया है तथा यह दो दिन से भूखी-प्यासी भी है। लगता है चलती गाड़ी से धक्का दिए जाने के कारण इसके शरीर के अंदरूनी हिस्सों में आई गहरी चोटों का रक्तस्राव रुक नहीं रहा है। भीतर रक्त के थक्के जमने लगे हैं, जिससे स्थिति और गंभीर होती जा रही है। हाई बीपी के कारण अभी ऑपरेशन करना संभव नहीं है, इसलिए दवाइयों से इसे नियंत्रित करने की कोशिश की जा रही है। बेटी की हालत को देखते हुए उसके पापा उसे किसी अच्छे अस्पताल में शिफ्ट करने की विनती करने लगे, लेकिन उसकी नाजुक हालत को देखते हुए, पीजीआई के डॉक्टरों ने इसकी इजाजत नहीं दी ।

तभी डॉक्टर द्वारा निधि के होश में आने की खबर किसी चमत्कार से कम नहीं थी। अब सभी को उम्मीद की किरण नजर आने लगी तथा उसके इर्द-गिर्द जमा होकर भगवान का शुक्रिया अदा करने लगे। हम सबसे ज्यादा पुलिस को उसका बयान लेने की जल्दी थी। निधि होश में कम, बेहोशी में बड़बड़ाए जा रही थी–" छोड़ो.. छोड़ो.. दर्द.. हो.. रहा.. है.. तुम.. चार...गंदी..हरकत, मैं.. गाड़ी..से..कूद.." उसकी ज़ुबान लड़खड़ा रही थी और वह जोर-जोर से सांसें ले रही थी। डॉक्टरों ने उसे नियंत्रित करने की बड़ी कोशिश की लेकिन उसकी जिंदगी फूलती सांसों से हार गई। जिंदगी की सरपट सड़क पर दौड़ती रुचिका अपने ही व्यंग्य बाणों से घायल थी-"दो वक्त की रोटी भी कमाकर नहीं खा सकती हो, कुछ तो शर्म करो, भरी जवानी में....।"

पुस्तक समीक्षा

## सामाजिक प्रतिबद्धता व कलात्मक संतुलन है 'सदियों में गुज़रते पल'



समीक्षक

डॉ. कुमुद रामानंद बंसल

डॉ. नीरू मित्तल 'नीर' का लघुकथा संग्रह 'सदियों में गुजरते पल' समकालीन हिंदी साहित्य में समय, समाज और संवेदना के अंतरसम्बंधों का गहन और सुस्पष्ट दस्तावेज है। यह कृति क्षणिक घटनाओं के पीछे छिपी उन संरचनात्मक सच्चाइयों को उद्घाटित करती है, जिनकी टीस सदियों तक बनी रहती है। शीर्षक का द्वंद्व 'पल' और 'सदियां'- व्यक्तिगत पीड़ा और सामूहिक स्मृति के बीच तनाव रचता है; यही तनाव इस संग्रह की वैचारिक धुरी भी है। विधागत दृष्टि से यह संग्रह समकालीन लघुकथा परंपरा में विवेक-प्रधान और नैतिक प्रश्नोन्मुख प्रवृत्ति का प्रतिनिधित्व करता है। यहां कथाएं घटना-प्रधान सनसनी नहीं रचतीं, बल्कि विवेक को उकसाती हैं। लेखिका का सरोकार मनुष्य से है- उस मनुष्य से जो व्यवस्था में पिसता भी है और कभी-कभी उसी व्यवस्था का औज़ार भी बन जाता है। इसीलिए इन लघुकथाओं में प्रत्यक्ष उपदेश नहीं, बल्कि नैतिक असहजता का निर्माण है। संग्रह की उद्घाटन कथा 'सौदागर' सत्ता और राजनीति के यथार्थ को तीखे रूपक में ढालती है- जहाँ कंबल और राशन के बदले "दिमाग़ और आत्मा" खरीदे जाते हैं। सांप्रदायिक उन्माद पर आधारित 'अल्लाह और ईश्वर बह गए' में धर्म, भीड़ और हिंसा का गठजोड़ मानवीय विवेक को रक्तरंजित यथार्थ में बदल देता है। 'मैं ज़िंदा हूँ' तंत्र की त्रुटियों को इस हद तक उजागर करती है कि जीवित व्यक्ति अपनी पहचान से वंचित हो जाता है- यह संवेदनहीन व्यवस्था की तीखी आलोचना है। इस संग्रह का एक महत्त्वपूर्ण आयाम भीड़-मानसिकता और तमाशबीन समाज का विश्लेषण है। शिल्प की दृष्टि से लघुकथाएं सधी हुई हैं- भाषा सरल, संवाद स्वाभाविक और संरचना कसावपूर्ण। अंत चौंकाने के लिए नहीं, बल्कि सोच को गहरा करने के लिए आते हैं। डायरी-शैली, एकालाप और मानवेत्तर दृष्टि जैसे प्रयोग वैविध्य देते हैं, पर कथ्य पर हावी नहीं होते। इन रचनाओं की एक बड़ी शक्ति मौन का सौंदर्य है- शब्दों के बीच की रिक्तियां बोलती हैं, और वही अर्थ को गाढ़ा करती हैं। समग्रतः, सदियों में गुज़रते पल समकालीन हिंदी लघुकथा को वैचारिक गहराई, सामाजिक प्रतिबद्धता और कलात्मक संतुलन प्रदान करने वाला सशक्त संग्रह है। इसे पढ़कर पाठक राहत नहीं, असुविधा के साथ उठता है और यही गंभीर साहित्य की सबसे बड़ी सफलता है। यह कृति सहानुभूति से आगे बढ़कर आत्मपरीक्षण और नैतिक उत्तरदायित्व की मांग करती है; इसी में इसकी स्थायी साहित्यिक महत्ता निहित है।



डॉ. नीरू मित्तल 'नीर'

कवि कॉर्नर

कविता | डॉ. कमलेश मलिक



## समय की धार

सुपर पावर देश का बन स्वामी महान
ट्रंप ले आया हास्य विनोद का सामान
चार्ली चैपलिन से करतब दिखा- दिखा
तान लिया है उसने कीर्ति का वितान

चाहा था शांतिदूत का मिले पुरस्कार
अब भर रहा प्रतिदिन युद्ध में हुंकार
रह गया उलझ कर अपने ही जाल में
कमजोर नहीं दुश्मन , दे रहा ललकार

वर्चस्व जमाने कभी पहुंचा था वियतनाम
आठ साल लड़कर भी हुआ था नाकाम
अफगानिस्तान ने भी छक्के छुड़ा दिए भाग
कर आकाश का आंचल लिया थाम।

इज़राइल ने खींच लिए अपने तीर कमान
ट्रंप महाशय हंस कर बदलते रोज बयान
कूटनीति या पटाक्षेप ? है विश्व अचंभित
रही-सही साख कहीं ना ले बैठे ईरान!

निष्फल सारे हो गये महाशक्ति के वाण
कोई चारा नहीं जो मिले तेल की खान
काट के घोड़े कहां लड़ें मैदानी जंग
अमरीकी जनता दे दे अपने गुरु को ज्ञान

चिंतक की मुद्रा में है भारत का व्यवहार
नाप रहा है, तोल रहा वह समय की धार
तूफ़ानी आहट का है आभास उसे भी जो
नौका पार उतारे वह ढूंढ रहा पतवार।

कविता | सुधीर ढांडा कौल



## सांसें भी घुटने लगी

अब धीरे धीरे गर्मी बढ़ने लगी है,
देखो हर चीज अब तपने लगी है।

बिन बिजली के गाँव व शहर में,
देखो सांसें भी अब घुटने लगी हैं।

घर से बाहर कोई कैसे निकले,
गर्म गर्म हवाएं जो चलने लगी हैं।

लोग अपने घरों में दुबकने लगे,
बाजारों की रौनक भी खोने लगी हैं।

गर्मी से पशु पक्षी सब हाँपने लगे,
तालाब बावड़ी सब सूखने लगी हैं।

जानवर जंगल से दूर भागने लगे,
जंगल में आग जो सुलगने लगी है।

होंठ सूखे से रहते हैं अब 'सुधीर,
अब प्यास भी ज्यादा लगने लगी है।



# नौरंगीलाल को मिल गया टिकट

व्यंग्य | मधुकांत

***पूरे क्षेत्र का सर्वेक्षण करवाया गया है, जिसमें सबसे अधिक ईमानदार व्यक्ति आपको ही पाया है, इसलिए नेताजी ने कल आपको पार्टी कार्यालय में बुलाया है।***

नौरंगीलाल शाम को अपने ड्राइंग रूम में बैठे टीवी पर समाचार देख रहे थे। लोकसभा के चुनाव की घोषणा हो चुकी, आचार संहिता लग गई। नौरंगीलाल 10 वर्ष से कच्चे कर्मचारियों के रूप में काम कर रहा है अर्थात 10 वर्ष से उसके सिर पर कच्चे धागे से बंधी तलवार लटक रही है। 10 वर्ष पुराना धागा कमजोर हो चुका है, फिर भी न जाने कब टूट जाए और तलवार उसके सिर पर गिरे और वह लहूलुहान हो जाए।

चुनाव की घोषणा से पूर्व 10 वर्ष पुराने कर्मचारियों को पक्का आश्वासन दे रखा था कि उनको पक्का कर दिया जाएगा। प्रतिदिन अखबार में शुभ समाचार सुनने के लिए उसकी आंखें थक गई थी। शुभ समाचार तो नहीं आया परंतु एक दिन अचानक चुनाव की तारीख घोषित हो गई। नारंगी लाल के सिर पर लटकती तलवार लटकती ही रह गई। समाचारों से विरक्त नौरंगी आजकल धार्मिक चैनल देखने लगे। आज भी वह आस्था चैनल पर भगवान राम को सीता हरण के बाद विलाप करते हुए देख रहे थे, तभी अचानक द्वार पर दस्तक हुई। सीता को उठाकर अट्टास करते रावण का दृश्य देखकर नौरंगीलाल घबरा सा रहा था। इस घबराए मन से उठकर उसने द्वार खोला तो पांच खद्दरधारी नेताओं को देखकर चौंक गया, क्या मालूम रावण की भांति यह भी भेष बदलकर आए हों। आधा द्वार खोलकर उसने पूछा कहिए जनाब। अरे नौरंगीलाल जी, हम तो आपके लिए खुशखबरी लाए हैं और आप मिठाई खिलाने के बदले अभी तक हमें द्वार पर ही रोक हुए हो। द्वार के सामने से हटते हुए नौरंगीलाल ने पूछा क्या खुशखबरी है भाई मेरे लिए। पांचों खद्दरधारी अंदर जाकर सोफे पर बैठ गए। नेताजी यानी एमपी साहब इस चुनाव में आपको अपनी पार्टी से टिकट दिलवाना चाहते हैं। मुझे...मुझे क्यों भाई, नारंगी के चेहरे पर आश्चर्य से हवाइयां उड़ने लगी। ... क्योंकि आप इस क्षेत्र के सबसे ईमानदार व्यक्ति हो, हमारी पार्टी का नाम भी ईमानदार पार्टी है इसलिए एमपी साहब ने फैसला किया है कि अपने क्षेत्र के सबसे ईमानदार व्यक्ति से चुनाव लड़वाएंगे। पूरे क्षेत्र का सर्वेक्षण करवाया गया है, जिसमें सबसे अधिक ईमानदार व्यक्ति आपको ही पाया है, इसलिए नेताजी ने कल आपको पार्टी कार्यालय में बुलाया है नारंगीलाल जी मेरा नाम रामधन है, चुनाव जीतने के बाद आप हमको भूल नहीं जाना। नौरंगीलाल के सीने में आत्मविश्वास भर गया। चुनाव के लिए धन कहां से आएगा उन्होंने अपनी शंका प्रकट की। नौरंगीलाल जी, आप चिंता न करें नेताजी को सब पता है। ईमानदार आदमी के पास धन नहीं होता इसलिए आप पार्टी फंड से चुनाव लड़ेंगे।

नारंगी ने कभी सोचा भी नहीं था कि बिल्ली के भागों से चिक टूट पड़ेगा। यूं स्कूल में हिंदी अध्यापक ने एक बार निबंध लिखवाया था कि यदि मैं शिक्षा मंत्री बन जाऊं, निबंध में सबसे अधिक अंक उसके ही आए थे। नारंगी लाल ने कहा कि भाई साहब, आपकी बात तो ठीक है, अपने देश में नेताजी तो ईमानदार होने ही चाहिए, फिर भी भाई साहब, एक बार मैं अपनी पत्नी से पूछ लेता हूं क्योंकि मैंने उनके साथ सात फेरे लेते हुए वचन दिया था कि विशेष फैसलों का निर्णय लेते हुए मैं उनकी सलाह अवश्य लूंगा। उत्साह से नौरंगी लाल अंदर कमरे में चले गए। पत्नी भी दरवाजे की ओर खड़ी सब सुन रही थी। नौरंगी का कमीज खींच कर कोने में ले गई और बोली कि तुरंत हां कर दो जी, ऐसा मौका बार-बार नहीं आएगा। एक बार चुनाव जीत गए तो जन्म-जन्म की गरीबी धुल जाएगी। अरे क्या कह रही हो, ईमानदारी के कारण तो हमको टिकट मिल रहा है और तुम क्या बात करती हो। सब नेता लोग ईमानदार ही होते हैं और कोई व्यवसाय व्यापार भी नहीं करते, फिर भी उनकी धन-संपत्ति बढ़ती ही रहती है। जाओ, जल्दी से हां कर दो... कहते हुए पत्नी ने नौरंगी लाल को बाहर की ओर धकेल दिया। बैठक में पहुंचते ही नौरंगी लाल ने कहा कि टीनू की मम्मी ने हां कर दी है।

बहुत अच्छा... अब आपका टिकट पक्का समझो, हां चुनाव जीतकर हम पांचों को भूल नहीं जाना। मेरा नाम धनीराम है और कल 10:00 बजे आप तैयार रहना, मैं आपको गाड़ी में अपने साथ पार्टी कार्यालय ले जाऊंगा। तीसरे खद्दरधारी ने कहा ..अब हम चलते हैं। अरे भाई, कुछ चाय-नाश्ता नहीं करोगे क्या? नौरंगी ने औपचारिकतावश कहा। कल आपके साथ पार्टी कार्यालय में ही पार्टी करेंगे, पांचों खद्दरधारी हाथ मिलाकर बाहर निकल गए। उनके जाते ही नौरंगी की पत्नी तुरंत आ धमकी। टीनू के पापा, कमाल हो गया। अब आप बन जाओगे मंत्री जी लोग मुझे भी मंत्रानी जी पुकारेंगे। ईमानदार पार्टी ने तो हमारे लिए कमाल ही कर दिया भगवान के घर देर है, अंधेर नहीं।

भागवान तू तो रोज मेरी ईमानदारी पर ताना मारती थी, मुझे रिश्वत लेने पर विवश करती थी।

क्या बात करते हो जी? मैं तो आपसे मजाक करती थी, मुझे अच्छे से मालूम है कि ऑनेस्टी इस द बेस्ट पॉलिसी और इसी ईमानदारी ने आपको टिकट दिलवाया है।

मोटिवेशनल

## आत्म-अनुशासन ही सफलता की कुंजी



विपुल शर्मा

मोटिवेशनल स्पीकर

आज का युवा सफल होना चाहता है। अच्छा करियर, पहचान, सम्मान और आत्मनिर्भर जीवन। अवसर भी पहले से कहीं अधिक हैं, संसाधन भी उपलब्ध हैं, लेकिन इसके बावजूद असंतोष, भ्रम और असफलता की भावना बढ़ती जा रही है। इसका कारण प्रतिभा या अवसरों की कमी नहीं, बल्कि उस मूल गुण की अनदेखी है जिस पर सफलता टिकती हैः आत्म-अनुशासन। हम अक्सर प्रेरणा की तलाश में रहते हैं। मोटिवेशनल वीडियो देखते हैं, किताबें पढ़ते हैं, सेमिनार सुनते हैं लेकिन सच्चाई यह है कि प्रेरणा क्षणिक होती है, जबकि आत्म-अनुशासन वह शक्ति है जो बिना प्रेरणा के भी हमें आगे बढ़ाता है। जब मन न हो, तब भी सही काम करना, यही आत्म-अनुशासन है। आत्म-अनुशासन का अर्थ है, आराम से बाहर निकलकर प्रयास करना, बहानों को पहचानकर उनसे ऊपर उठना और लक्ष्य के प्रति ईमानदार रहना। दुनिया का कोई भी सफल व्यक्ति केवल प्रतिभा या भाग्य के कारण नहीं, बल्कि अनुशासन के कारण आगे बढ़ा है। प्रतिभा अवसर दिला सकती है, लेकिन अनुशासन ही उस अवसर को परिणाम में बदलता है। आज की सबसे बड़ी चुनौती अवसरों की कमी नहीं है, बल्कि ध्यान भटकाने वाले साधनों की भरमार है। मोबाइल फोन, सोशल मीडिया, तुरंत सफलता की चाह और दूसरों से तुलनाः ये सभी युवा को अस्थिर बनाते हैं। ऐसे समय में आत्म-अनुशासन ही वह कवच है, जो व्यक्ति को अपने लक्ष्य पर टिके रहने की शक्ति देता है। आत्म-अनुशासन किसी एक दिन में विकसित नहीं होता। यह रोज के छोटे-छोटे निर्णयों से बनता है। समय पर उठना, रोज कुछ नया सीखना, स्क्रीन टाइम को सीमित करना, जिम्मेदारी निभाना और खुद से किया गया वादा निभाना। यही छोटी आदतें लंबे समय में बड़े परिणाम देती हैं। आज का युवा चाहे प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहा हो, सरकारी नौकरी का सपना देख रहा हो, स्टार्टअप शुरू करना चाहता हो या किसी कौशल में विशेषज्ञ बनना चाहता हो- हर रास्ते की पहली शर्त आत्म-अनुशासन है। बिना अनुशासन के मेहनत बिखर जाती है। हमें यह भी समझना होगा कि असफलता अंत नहीं है। असफलता अक्सर अनुशासन की परीक्षा होती है। जो युवा गिरकर सीखता है और अनुशासन के साथ दोबारा उठता है, वही आगे चलकर मजबूत बनता है। आज जरूरत प्रेरणा से अधिक अनुशासन की है क्योंकि आत्म-अनुशासन ही वह आदत है, जो हर सपने को हकीकत में बदलने की ताकत रखती है।

लघु कथा

## नैतिकता



डॉ. तबस्सुम जहां

कहानीकार

'सर आपको जन्मदिन बहुत-बहुत मुबारक।'

ओह संगीता, बहुत शुक्रिया। क्या हमारे जन्मदिन पर मुंह मीठा नहीं कराओगी?

संगीता को खटका हुआ। सर के इस वाक्य का आशय वह भली-भांति जानती है। एक साल से वह झेल रही है कि उसके निर्देशक कैसे पढ़ाते -पढ़ाते बिना बात विषय प्रेम और सेक्स से जोड़ देते हैं। वह अक्सर उनकी इन हरकतों पर सकपका जाया करती थी। चूंकि संगीता एक खुद्दार और स्वाभिमानी लड़की थी इसलिए डॉ. विमल कुमार के किसी झांसे में नहीं फंसती थी। कभी सख्ती से उनसे बोल भी देती 'प्लीज़ सर मुझसे ऐसी बातें न किया करें।'

उनकी बातों के लिजलिजेपन को वो बीते एक साल से झेल रही थी पर पीएचडी अटक जाने के डर से न तो सुपरवाइज़र बदल सकती थी और न ही परिस्थितियों से भाग सकती थी। और डॉ. विमल कुमार थे कि जब-तब उसके सामने प्रेम आग्रह करते रहते।

उस दिन भी विमल कुमार ने उसे टोका- 'फिर क्या सोचा संगीता तुमने'

'माफ़ कीजिए सर, आप मेरे गुरु हैं, मैं आपको पिता तुल्य मानती हूं। मेरी नैतिकता इसकी इजाज़त नहीं देती। आप मेरे पिता समान हैं।'

'तो एक काम करो, तुम मुझे पिता समझ कर गले लगा लो और मैं तुम्हें अपनी गर्लफ्रेंड समझ कर गले लगा लेता हूँ।' दोनों की नैतिकता बची रहेगी।

संगीता के शरीर में काटो तो खून नहीं। वह आवाक़ रह गई। आज उसे नैतिकता का नया पाठ पढ़ाया गया है, वो भी शिक्षा के मंदिर में। उसने घृणा से सिर झुका लिया।

कुछ हटकर

## बी. टेक सीएससी के बाद करियर विकल्प



डॉ. मोहित बंसल

करियर कोच एवं मोटिवेशनल स्पीकर

डिजिटल युग के सबसे प्रतिष्ठित पेशे बी.टेक (कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग) एक चार वर्षीय स्नातक कार्यक्रम है जो विद्यार्थियों को कंप्यूटर सिस्टम, सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट, डेटा प्रोसेसिंग, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और नेटवर्किंग जैसी आधुनिक तकनीकों की गहन समझ प्रदान करता है। इस कोर्स के दौरान विद्यार्थियों को प्रोग्रामिंग लैंग्वेज , डेटा स्ट्रक्चर, एल्गोरिद्म, डेटाबेस मैनेजमेंट, क्लाउड कंप्यूटिंग, साइबर सिक्योरिटी और मशीन लर्निंग जैसे विषय पढ़ाए जाते हैं। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को केवल कोडिंग सिखाना नहीं है, बल्कि उन्हें तकनीकी समस्या समाधान, तार्किक सोच, और नवाचार की दिशा में सक्षम बनाना है।

### उच्च शिक्षा के मौके

कंप्यूटर साइंस के क्षेत्र में अनेक शाखाएँ हैं, जिनके माध्यम से विद्यार्थी अपनी रुचि के अनुसार विशेषज्ञता प्राप्त कर सकते हैं। बी.टेक सीएसई के बाद विद्यार्थी अपनी पढ़ाई आगे बढ़ाकर विशेषज्ञता और करियर अवसर दोनों बढ़ा सकते हैं।

### उच्च शिक्षा कार्यक्रम

- मास्टर ऑफ टेक्नोलॉजी
- मास्टर ऑफ बिज़नेस एडमिनिस्ट्रेशन
- पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन डेटा एनालिटिक्स
- साइबर सिक्योरिटी, या क्लाउड कंप्यूटिंग
- अंतरराष्ट्रीय सर्टिफिकेशन
- अमेजन वेब सर्विस
- माइक्रोसॉफ्ट अजोर
- गूगल क्लाउड
- सिस्को सीसीएनऐ
- कॉम्प टीए सिक्योरिटी



### आवश्यक कौशल

कंप्यूटर साइंस स्नातकों के लिए केवल तकनीकी ज्ञान पर्याप्त नहीं है। सफल करियर के लिए विद्यार्थियों में तार्किक एवं विश्लेषणात्मक सोच, समस्या समाधान और नवाचार की क्षमता, प्रोग्रामिंग एवं कोडिंग दक्षता, डेटा विश्लेषण एवं साइबर सुरक्षा समझ आदि क्षमताओं का होना आवश्यक है।

### निजी क्षेत्र में विकल्प

डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन के इस युग में बी.टेक सीइसई स्नातकों की मांग देश-विदेश दोनों में लगातार बढ़ रही है। टेक कंपनियां, बैंकिंग सेक्टर, फिनटेक, ई-कॉमर्स, और क्लाउड-आधारित उद्योगों में इनकी विशेषज्ञता की आवश्यकता होती है।

**ये मिल सकता है वेतन :** निजी क्षेत्र में प्रारंभिक वेतन 4 से 8 लाख वार्षिक के बीच होता है, जो अनुभव और विशेषज्ञता के साथ 15 से 25 लाख वार्षिक या उससे अधिक तक पहुँच सकता है। गूगल, माइक्रोसॉफ्ट, अमेज़न, इनफ़ोसिस, टीसीएस, एक्सेंचर, और आईबीएम जैसी कंपनियाँ इन स्नातकों को उत्कृष्ट अवसर प्रदान करती हैं।

### सरकारी क्षेत्र में मौके

सरकारी संस्थानों और सार्वजनिक उपक्रमों में भी कंप्यूटर साइंस स्नातकों के लिए अनेक अवसर उपलब्ध हैं। विद्यार्थी तकनीकी सेवाओं, अनुसंधान, साइबर सुरक्षा और डेटा प्रबंधन से जुड़ी सरकारी नौकरियों में योगदान दे सकते हैं।

**ये मिल सकता है वेतन :** सरकारी क्षेत्र में बैचलर ऑफ फार्मेसी स्नातक की प्रारंभिक आय 4 से 6 लाख वार्षिक होती है, जबकि उच्च पदों और अनुभव के साथ यह आय 12 से 15 लाख वार्षिक तक हो सकती है।

*किसी भी करियर का चुनाव करने से पहले किसी योग्य करियर सलाहकार से सलाह ज़रूर लें। अधिक जानकारी के लिए आप **www.careerjaano.com** पर भी विज़िट कर सकते हैं।*

## खबर संक्षेप



### अतिक्रमण को हटाने के लिए नपा एक्शन मोड में

**खरखौदा।** नगर पालिका इन दिनों एक्शन मोड में है। पहले चरण में नगर पालिका ने ब्राह्मण मोहल्ले में अतिक्रमण को उखाड़ डाला, वहीं दूसरे चरण में वार्ड 9 में स्थित कम्युनिटी सेंटर में अवैध रूप से खड़े वाहनों को जब्त किया। तीसरे चरण में गैस पंप के पीछे नगर पालिका द्वारा अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई शुरू की गई। इस तरह से नगर पालिका अब पूरे एक्शन मोड में है। नगर पालिका सचिव मनीष रेढू का कहना है कि सरकारी जमीन पर कब्जा किसी भी सूरत में नहीं होने दिया जाएगा। सभी कार्रवाई नियमों के अनुसार की जाएगी। ब्राह्मण मोहल्ले में पानी निकासी की समस्याएं लगातार बाधित हो रही थी। आगे भी शहर में इस तरह की कार्रवाई लगातार जारी रहेगी ब्राह्मण मोहल्ले की पानी निकासी की दिशा में प्राथमिकता से कार्रवाई की जाएगी। ब्राह्मण मोहल्ले में जो ब्राह्मणों की चौपाल है वहां तक सुगमता से आया जाया जा सके।

### बाबू जगजीवन राम की जयंती पर नमन

**गोहाना।** रविवार को गोहाना के विभिन्न सामाजिक संगठनों द्वारा बाबू जगजीवन राम को उनकी 118वीं जयंती पर याद किया गया। संगठनों के प्रतिनिधियों ने बाबू जगजीवन राम की प्रतिमा पर माल्यापर्ण करके श्रद्धांजलि दी। कांग्रेस के जिला महासचिव एवं जिला पार्षद जय सिंह मलिक न्यात, जगशेर नूरनखेड़ा, रामू रामपाल वाल्मिकि, अशोक बामनिया, राजकुमार कौशिक, बैकवर्ड नेता विक्की चौहान, विजय मेहरा आहुलाना, श्री गुरु रविदास सभा के कोषाध्यक्ष महावीर सभरवाल, सुनील सिंधु सिरसाढ़ और विजय वाल्मिकि के साथ अन्य नागरिकों ने बाबू जगजीवन राम की प्रतिमा पर माल्यापर्ण करके नमन किया।

## नगर निगम की लापरवाही ने बाबा कॉलोनी को बनाया नरक

### जनता के पैसे की बर्बादी को लेकर स्थानीय लोगों ने प्रशासन को घेरा

# नई सीवर लाइन के फ्लॉप शो पर उठे सवाल, लोगों में पनप रहा रोष



**निगम अधिकारी कुछ नेताओं के इशारे पर स्थाई समाधान करने के बजाय केवल चुनावी सीजन में खानापूर्ति करने में जुटे हैं। हालत यह है कि भोले बाबा आश्रम में भी सीवर का गंदा पानी भर गया है।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

बाबा कॉलोनी में सीवर जाम और गंदे पानी की निकासी न होने की समस्या ने अब राजनीतिक मोड़ ले लिया है। चुनाव नजदीक आते ही स्थानीय निवासियों में प्रशासन और जनप्रतिनिधियों के प्रति गहरा रोष देखने को मिल रहा है। कॉलोनी के लोगों का कहना है कि पिछले तीन महीनों से वे नारकीय जीवन जीने को मजबूर हैं लेकिन निगम अधिकारी कुछ नेताओं के इशारे पर स्थाई समाधान करने के बजाय केवल चुनावी सीजन में खानापूर्ति करने में जुटे हैं।

कॉलोनी में सीवर व्यवस्था इस कदर चरमरा गई है कि गंदा पानी अब लोगों के घरों के भीतर तक पहुंच गया है। हालत यह है कि भोले बाबा आश्रम में भी सीवर का गंदा पानी भर गया है। आश्रम प्रमुख सुनील बैरागी ने बताया कि पिछले तीन महीनों से अधिक समय से यह समस्या बनी हुई है। यहां नई सीवर लाइन डाली गई थी लेकिन अधिकारियों और ठेकेदार की मिलीभगत या तकनीकी खामी के कारण यह लाइन पूरी तरह फेल साबित हो रही है। सीवर से पानी की निकासी बिल्कुल नहीं हो रही है जिससे कॉलोनी की गलियां तालाब बन चुकी हैं। कॉलोनी वासियों ने आरोपित किया कि नई सीवर लाइन डालने में बरती गई लापरवाही के कारण जनता की गाढ़ी कमाई का पैसा बर्बाद किया जा रहा है। अगर लाइन सही तरीके से डाली गई होती तो रोजाना टैंकर बुलाने की नौबत ही नहीं आती। अब समाधान के नाम पर फिर से सरकारी खजाने को चूना लगाया जा रहा है। लोगों ने चेतावनी दी है कि यदि चुनाव से पहले इस तकनीकी खामी को दूर कर स्थाई समाधान नहीं किया गया तो वे आने वाले समय में कड़ा फैसला लेने को मजबूर होंगे। चुनाव के समय नेताओं का आना और अधिकारियों का अस्थायी राहत देना अब कॉलोनी वासियों के गले नहीं उतर रहा है।

**चुनावी स्टंट बनकर रह गई सीवर की सफाई**

स्थानीय निवासियों ने नगर निगम की कार्यप्रणाली पर गंभीर आरोपित लगाते हुए कहा कि प्रशासन अब चुनावों को देखते हुए सक्रियता का नाटक कर रहा है। लोगों का कहना है कि वर्तमान में हर रोज टैंकरं बुलाकर सीवर की सफाई करवाई जा रही है ताकि जनता का गुस्सा शांत किया जा सके। निवासियों ने स्पष्ट तौर पर कहा कि यह केवल वोट हासिल करने का जरिया है। चुनाव खत्म होते ही यह टैंकर आने बंद हो जाएंगे और समस्या जस की तस रह जाएगी।



सोनीपत। कपड़े लेते जरूरतमंद लोग

### खाटूश्याम मंदिर में जरूरतमंदों को वस्त्र व घरेलू सामान वितरित

**सोनीपत।** खाटूश्याम मंदिर परिसर में सेफ इंडिया फाउंडेशन द्वारा जरूरतमंद परिवारों को कपड़े और घरेलू उपयोग का सामान वितरित किया गया।

इस दौरान लोगों की जरूरतें पूरी होने के साथ उनके चेहरे पर खुशी भी देखने को मिली। संस्था के चेयरमेन वाईके त्यागी और प्रधान संजय सिंगला ने कहा कि सेवा करना ही सच्चा धर्म है। उन्होंने बताया कि फाउंडेशन कई वर्षों से लोगों के सहयोग से ऐसे कपड़े और सामान इकट्ठा करता है, जो जरूरतमंदों के लिए बहुत काम आते हैं। कार्यक्रम में संजय वर्मा, सतीश माथुर, प्रेमनारायण गुप्ता, बलराज वशिष्ठ, अनिल गुप्ता और विवेक गर्ग सहित कई समाजसेवी मौजूद रहे। अंत में संस्था ने लोगों से जरूरतमंदों की मदद के लिए आगे आने की अपील की।



सोनीपत। रथयात्रा में शामिल पूर्व मंत्री साथ में पूर्व मेयर एवं अन्य।

### भगवान महावीर के संदेश से टाला जा सकता है युद्ध : महाराज

**सोनीपत।** उपाध्याय गुप्ति सागर महाराज ने कहा है कि पूरा विश्व युद्ध के मुहाने पर खड़ा है, कई देशों के बीच चल रहा युद्ध मानवता एवं संपदा को नष्ट कर रहा है। भगवान महावीर का संदेश जीओ और जीने दो पर चल कर ही युद्ध की विभिषका को टाला जा सकता है। महाराज गुप्ति सागर दिगंबर जैन मंदिर मंडी में भगवान महावीर जयंती के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में श्रधालुओं को सम्बोधित कर रहे थे। उपाध्याय गुप्ति सागर ने कहा कि भगवान महावीर के अहिंसा, शांति, करुणा, प्रेम एवं सहयोग के सिद्धांत पर चल कर स्वस्थ समाज का निर्माण हो सकता है। कार्यक्रम में स्कूली बच्चों ने भगवान महावीर के संदेशों से ओतप्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। भगवान महावीर को रथ में सवार करके नगर दर्शन के लिए बैंड बाजों के साथ शोभा यात्रा निकाली गई जिसमे पूर्व कैबिनेट मंत्री कविता जैन एवं निवर्तमान मेयर राजीव जैन समेत अनेक श्रद्धालु मौजूद रहे। शोभा यात्रा में गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## सरकार के नियम किसान विरोधी : कुणाल

- आज ताऊ देवीलाल की पुण्यतिथि पर संघर्ष स्थल दिल्ली में होगी सर्वधर्म सभा



सोनीपत। अनाज मंडी में पहुंचें इनेलो नेता एवं पदाधिकारी। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

अनाज मंडी में रविवार को इनेलो के जिलाध्यक्ष कुणाल गहलावत ने दौरा कर किसानों की समस्याओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने सरकार की नीतियों पर जमकर निशाना साधा और किसानों के हितों को लेकर कई अहम मांगें उठाई। इनेलो नेता सोनीपत की अनाज मंडी पहुंचे, जहां उन्होंने किसानों से मुलाकात कर उनकी परेशानियां सुनीं। मंडी में व्यवस्थाओं का निरीक्षण करते हुए उन्होंने किसानों की समस्याओं को गंभीर बताया। गहलावत ने कहा है सरकार द्वारा बनाए गए नए नियम पूरी तरह किसान विरोधी हैं, जिससे किसानों को भारी नुकसान झेलना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार किसानों के हितों की अनदेखी कर रही है और उनकी समस्याओं का समाधान करने में असफल साबित हो रही है। भाजपा सरकार किसान विरोधी सरकार है, जो किसानों की परेशानियों को समझने में नाकाम रही है। बारिश से खराब हुई फसलों को लेकर भी उन्होंने सरकार से मांग की कि जल्द से जल्द गिरदावरी करवाई जाए और किसानों को प्रति एकड़ 50 हजार रुपये का मुआवजा दिया जाए। गहलावत ने कार्यकर्ताओं से 6 अप्रैल को प्रातः 7 बजे ताऊ देवीलाल लाल चौक सोनीपत पर पूर्व उप प्रधानमंत्री चौधरी देवीलाल की पुण्यतिथि पर पुष्प अर्पित करके दिल्ली सर्वधर्म सभा में भाग लेने की अपील की। इस मौके पर सरधर्म सरोहा उर्फ़ बिट्टू मास्टर, प्रदेश सचिव सुरेश त्यागी, ताहर सिंह चौहान, फूल कुमार चौहान, अशोक मलिक, अतर सिंह लिवासपुर, सुरेंद्र सुहाग, अनिल मलिक, धर्मबीर दहिया, सचिन लाठिया, आदि रहे।

## न्यूज डायरी



### शिक्षकों को नैतिक मूल्यों के लिए दिए सुझाव

**सोनीपत।** हैप्पी चाइल्ड सीनियर सेकेंडरी स्कूल में सीबीएसई क्षमता निर्माण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम मूल्य शिक्षा विषय पर केंद्रित रहा। विद्यालय के चेयरमैन नरेंद्र बाल्यान के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम में संसाधन व्यक्तियों पूजा और सुमन ने शिक्षकों को सरल तरीके से मूल्य शिक्षा का महत्व समझाया। उन्होंने गतिविधियों, वीडियो और रोल प्ले के माध्यम से विषय को रोचक बनाया, जिससे सभी शिक्षक आसानी से समझ सके। इस प्रशिक्षण से शिक्षकों को विद्यार्थियों में अच्छे संस्कार और नैतिक मूल्यों को विकसित करने के नए तरीके सीखने को मिले। सभी प्रतिभागियों ने कार्यक्रम को उपयोगी और प्रेरणादायक बताया।



### पेंशनभोगियों की समस्याओं पर विस्तार से चर्चा

**सोनीपत।** सेक्टर 14 स्थित सामुदायिक केंद्र के सभागार में शनिवार को हरियाणा बिजली पेंशनर्स वैलफेयर एसोसिएशन की सोनीपत यूनिट द्वारा एक आम सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता यूनिट प्रधान जयप्रकाश शर्मा ने की। सभा का आरंभ गायत्री मंत्रोच्चारण और सांस्कृतिक भजनों के साथ हुआ। इस अवसर पर प्रांतीय प्रधान एसके गर्ग ने बिजली निगमों के प्रबंध निदेशकों के साथ हुई हालिया बैठकों की गतिविधियों के बारे में विस्तार से जानकारी सांझा की। विशेष आयोजन के दौरान एसोसिएशन के उन सदस्यों को सम्मानित किया गया जिन्होंने 80 वर्ष की आयु पूर्ण कर ली है। सम्मानित होने वालों में केंद्रीय कार्यकारिणी के पदाधिकारी वीपी आर्य, एसके गर्ग, ओपी एलावाधी और बीआर आहूजा शामिल रहे। इन सभी को स्मृति चिन्ह, शॉल और पुष्पमालाएं भेंट की गईं।

### बूथ स्तर पर मनाएंगे स्थापना दिवस, निकाला ध्वज मार्च



**सोनीपत।** भारतीय जनता युवा मोर्चा, सोनीपत द्वारा जिला कार्यालय स्वर्ण कमल में एक बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष युवा मोर्चा प्रवीन दहिया ने की। बैठक में खरखौदा ब्लॉक के चेयरमैन सतेंद्र दहिया, अनुसूचित जाति मोर्चा के जिला अध्यक्ष शमशेर सिंह सहित जिला पदाधिकारी एवं कार्यकारिणी के सभी सदस्य उपस्थित रहे। बैठक के दौरान संगठन को मजबूत करने, जनसंपर्क अभियान को गति देने तथा आगामी कार्यक्रमों को सफल बनाने को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। जिला अध्यक्ष प्रवीन दहिया ने कहा कि 6 अप्रैल को भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस को पूरे जिले में बूथ स्तर तक उत्साहपूर्वक मनाया जाएगा।

## प्रताप स्कूल की खिलाड़ियों ने नेशनल नेटबॉल चैंपियनशिप में जीते 5 पदक



खरखौदा। खिलाड़ियों का स्वागत करते शिक्षक। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरखौदा

प्रताप सिंह मेमोरियल सीनियर सेकेंडरी स्कूल के खिलाड़ियों ने नेशनल स्तर पर शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया है। मुजफ्फरनगर में आयोजित नेशनल नेटबॉल चैंपियनशिप में स्कूल के खिलाड़ियों ने कुल 5 पदक जीतकर बड़ी उपलब्धि हासिल की।

खिलाड़ी वरिंदा ने उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन करते हुए 38 वीं जूनियर नेशनल ट्रेडिशनल नेटबॉल चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक मिक्स्ड नेशनल नेटबॉल चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक फास्ट फाइव जूनियर नेशनल नेटबॉल चैंपियनशिप में रजत पदक जीतकर शानदार सफलता प्राप्त की। वहीं पालक और विधि ने 2 वीं सीनियर मिक्स्ड नेशनल नेटबॉल चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतकर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। इस शानदार उपलब्धि पर विद्यालय में खिलाड़ियों का भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर द्रोणाचार्य अवार्डी ओम प्रकाश दहिया, खेल निदेशक प्रताप स्कूल, प्राचार्या दया दहिया, संस्थापक सत प्रकाश दहिया, एकेडमिक डायरेक्टर डॉ. सुबोध दहिया, डॉ. दीपिका दहिया, कोच संसार दहिया तथा विधि की माता संजीता उपस्थित रहे। द्रोणाचार्य अवार्डी ओम प्रकाश दहिया ने खिलाड़ियों को बधाई देते हुए बताया कि विधि पहले ही अंतरराष्ट्रीय स्तर पर 2 पदक जीत चुकी हैं, जिसमें प्रथम दक्षिण एशियाई नेटबॉल चैंपियनशिप, रजत पदक शामिल है,

### गरीब कल्याण संस्था पिपली ने की नि:शुल्क जल सेवा की शुरूआत

**खरखौदा।** गरीब कल्याण संस्था पिपली ने नि:शुल्क जल सेवा की शुरूआत की है, जिसके लिए ट्रैक्टर व पानी के टैंकर का लोकार्पण किया गया है। भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली की राजनीतिक व्यस्तता के चलते उनके भाई एवं भाजपा नेता माई राम कौशिक मुख्य अतिथि रहे। कार्यक्रम का आयोजन बाबा प्रीतम स्वामी के सानिध्य में किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम के तहत भक्ति व देश भक्ति से ओत-प्रोत रागनी प्रस्तुत की गई। रक्तदान शिविर का भी आयोजन किया गया, बारह यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। कार्यक्रम में पहुंचे विशिष्ट लोगों का पगड़ी बांध कर व फूल माला पहनाकर स्वागत किया गया। अब संस्था द्वारा जनहित में जल सेवा के लिए एक ट्रैक्टर व पानी का टैंकर समर्पित किया गया है। संस्था द्वारा क्षेत्र में 20 प्याऊ बनवाकर जल सेवा का कार्य किया जाएगा। इससे पहले भी संस्था द्वारा निशुल्क एंबुलेंस सेवा जरूरतमंद लोगों के लिए उपलब्ध कराई थी।



सोनीपत। कार्यक्रम के दौरान युवाओं को सम्मानित करते हुए भाजपा प्रदेशाध्यक्ष साथ में अन्य। फोटो : हरिभूमि

### यूपीएससी सहित विभिन्न परीक्षाओं में सफल 11 प्रतिभाओं का सम्मान

**सोनीपत।** गोहाना रोड स्थित ब्राह्मण सभा भवन में ब्राह्मण सभा सोनीपत द्वारा प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य यूपीएससी सहित विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में सफल युवाओं को सम्मानित कर अन्य युवाओं को प्रेरित करना रहा। कार्यक्रम का संयोजन ब्राह्मण सभा के जिला अध्यक्ष अशोक शर्मा ने किया, जबकि मंच संरक्षण ऋषिकुल विद्यापीठ स्कूल के चेयरमैन नीरज शर्मा ने किया। समारोह में कुल 11 प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया, जिनमें 8 ने यूपीएससी परीक्षा उत्तीर्ण की। कुमारी प्रीति चौहान (रैंक 47), मानसी डागर, संदेश जैन, कुमारी इशिता कुमार, वैभव भारद्वाज, आशीष कुमार, अमन कुमार, निशि त्यागी, सुमित सरोहा, आयुष कौशिक, मोहित योगराज सहित अन्य प्रतिभाओं को शॉल, पुष्पगुच्छ व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मोहनलाल बड़ोली, विधायक कृष्णा गहलावत, विधायक निखिल मदान, निवतर्ममान मेयर राजीव जैन, सुरेंद्र शर्मा, भाजपा नेता देवेंद्र कौशिक, पूर्व विधायक जयतीर्थ दहिया और भाजपा नेता अरुण बंसल मौजूद रहे।



### भगवान राम के राज्याभिषेक प्रसंग का किया वर्णन

**सोनीपत।** सोनीपत के मॉडल टाउन स्थित संजय अरोड़ा के निवास पर श्री राम परिवार, सोनीपत की ओर से श्री सुंदरकांड पाठ, हरिनाम संकीर्तन और रामकथा का आयोजन श्रद्धा और भक्ति के साथ किया गया। कार्यक्रम में संस्था प्रमुख ओ.पी. अरोड़ा ने रामचरित मानस का उल्लेख करते हुए भगवान राम के राज्याभिषेक प्रसंग का विस्तार से वर्णन किया। उन्होंने बताया कि चौदह वर्ष के वनवास और रावण वध के बाद गुरु वशिष्ठ ने शुभ मुहूर्त में मंत्रोच्चार के साथ पवित्र जल से राम और सीता का अभिषेक किया, जिसे सभी देवी-देवताओं ने देखा। उन्होंने कहा कि भगवान राम और माता सीता भव्य सिंहासन पर विराजमान हुए, जबकि सुग्रीव, विभीषण और हनुमान सहित सभी भक्त इस दिव्य क्षण के साक्षी बने। इस अवसर पर पवन सहगल, श्याम रहेजा, राकेश बंसल, ललित बत्रा, चन्द्र कांत, अशोक, सुरेन्द्र, दिनेश, मुकेश, महेश, मनोज, भोज दत्त, धीरज और महेश तनेजा उपस्थित रहे।

## डेकोरेटिव फैंसी एलईडी लाइटों से जगमगाएगा शहर का रेलवे रोड

# गुरुग्राम से मंगवाई 90 वॉट की 36 एलईडी

- विधायक निखिल मदान ने लाइट पोल लगाने के कार्य का निरीक्षण किया।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

शहर के सौंदर्यकरण के लिए भरसक प्रयास किए जा रहे हैं, ताकि लोगों को आधुनिक सुविधाओं का लाभ मिल सके। इसी उद्देश्य के साथ शहर का रेलवे रोड जल्द डेकोरेटिव फैंसी एलईडी लाइटों से जगमगाने लगेगा। गुरुग्राम से 90 वॉट की 36 एलईडी लाइटें मंगवाने के बाद इन्हें लगवाने का काम शुरू कर दिया गया है। विधायक निखिल मदान ने रविवार को नगर निगम की ओर से रेलवे स्टेशन से गीता भवन चौक तक डेकोरेटिव लाइट पोल लगाने के कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधित निगम अधिकारियों व एजेंसी प्रतिनिधि को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

विधायक निखिल मदान ने बताया कि रेलवे रोड पर करीब 33 लाख रुपये की लागत से 36 फैंसी 90 वॉट की डेकोरेटिव एलईडी लाइट लगाने का काम शुरू हो चुका है। इस कार्य के लिए नगर निगम ने अक्तूबर 2025 में 40 लाख रुपये का वर्क ऑर्डर जारी किया था। इन्हें लगवाने के दो साल तक इन लाइट्स की मरम्मत व वार्षिक रखरखाव का जिम्मा एजेंसी की ओर से किया जाएगा। दो दिन में सभी पोल पर लाइट्स लगाकर इन्हें चालू कर दिया जाएगा। इस दौरान नगर निगम के कनिष्ठ अभियंता अनिल वलेचा, नवीन कुमार, कुलदीप वत्स सहित कई कर्मचारी मौजूद रहे।



सोनीपत। सोनीपत के रेलवे रोड पर नगर निगम अधिकारियों व एजेंसी कर्मचारियों को दिशा-निर्देश देते विधायक निखिल मदान। फोटो : हरिभूमि

**लाइट के शुरू होने से रेलवे रोड की सुंदरता को चार चांद लगेंगे**

नगर निगम की ओर से रेलवे रोड पर पहले से लगी पुरानी एलईडी लाइटें व पोल हटाकर अब 8 मीटर के दायरे पर नए पोल लगाए जा रहे हैं। इसके बाद प्रत्येक पोल पर 90 वॉट की एलईडी लाइट लगाई जा रही है। विधायक निखिल मदान ने बताया कि इन लाइट के शुरू होने से रेलवे रोड की सुंदरता को चार चांद लगेंगे। साथ ही पर्याप्त रोशनी होने से अपराध व सड़क दुर्घटनाओं में कमी आएगी। रेलवे रोड पर लाइट लगाने के बाद उसकी गुणवत्ता देखते हुए दूसरी जगह भी लाइट लगवाने का कार्य किया जाएगा। फिलहाल पूरे शहर में स्ट्रीट लाइट लगाने का कार्य जारी है।



गोहाना। विजेता खिलाड़ी अपने कोच अनिल भारद्वाज के साथ।

### नॉर्थ ईस्ट इंटर यूनिवर्सिटी कराटे प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन

**गोहाना।** बाल भारती स्कूल की कराटे अकादमी के 6 खिलाडिय़ों ने नार्थ ईस्ट इंटर यूनिवर्सिटी कराटे प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी कराटे प्रतियोगिता में अपनी जगह पक्की कर ली। रविवार को स्कूल के एमडी हरि प्रकाश गौड़, प्राचार्या सोनू शर्मा और कोच अनिल भारद्वाज ने विजेता खिलाडिय़ों को सम्मानित किया।

कराटे कोच एवं कराटे एसोसिएशन के जिला महासचिव व प्रदेश सह सचिव अनिल भारद्वाज के अनुसार नॉर्थ ईस्ट इंटर यूनिवर्सिटी कराटे प्रतियोगिता में मयंक, हर्ष, हिमांशु, विकास, विशाल व विकास ने अपनी प्रतिभा की धाक जमाई। यह प्रतियोगिता 1 से 4 अप्रैल असम की डिबरूगढ़ यूनिवर्सिटी में आयोजित हुई। चयनित खिलाड़ी 6 से 9 अप्रैल को आयोजित होने वाली ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी कराटे प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे। यह प्रतियोगिता ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी असम की डिबरूगढ़ यूनिवर्सिटी में आयोजित होगी।

## खबर संक्षेप



### शिविर में 207 लोगों के स्वास्थ्य का परीक्षण

**गोहाना।** गोहाना केमिस्ट एसोसिएशन एवं वी केयर अस्पताल के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को गांव जौली में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किया गया। शिविर में 207 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। स्वास्थ्य जांच शिविर के मुख्य अतिथि मनोनीत नगर पार्षद बलराम कौशिक थे। इस शिविर में डॉ. एस चाकूला (मेडिसन), डॉ. हेमंत शर्मा (ईएनटी) और डॉ. भीम सिंह (नेत्र विशेषज्ञ) ने अपनी सेवाएं दी।

### पुराने डिवाइडर को हटाकर नए सिरे से निर्माण शुरू

**गन्नौर।** शहर के रेलवे रोड पर यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाने के लिए नगर पालिका ने पुराने डिवाइडर को हटाकर नए सिरे से निर्माण कार्य शुरू कर दिया है। लंबे समय से देवीलाल चौक से जीटी रोड तक के मार्ग पर जाम की समस्या बनी हुई थी, जिससे राहगीरों और वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। जानकारी के अनुसार, पुराने डिवाइडर पर लगे पत्थरों के कारण सड़क की चौड़ाई कम हो गई थी, जिससे वाहनों की आवाजाही प्रभावित हो रही थी।

### शिविर में 206 मरीजों ने लिया लाभ

**सोनीपत।** खाटू श्याम मंदिर सोनीपत धाम मोहन नगर, सोनीपत में 38वां मेगा स्वास्थ्य जांच एवं रक्तदान शिविर सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। शिविर में 206 मरीजों ने स्वास्थ्य जांच का लाभ लिया तथा 10 समाजसेवियों ने स्वेच्छा से रक्तदान किया। शिविर में रोटरी ब्लड बैंक टीम सीए दीपक गुप्ता, नेहा, अमन पहुंचें वहीं डॉ. अभिमन्यु कुमार, डॉ. रॉबिन, पूजा, नर्सिंग स्टाफ रितु, शीतल एवं अंजू का विशेष योगदान रहा। डॉ. एसएन गुप्ता, राजेश गुप्ता द्वारा मरीजों को तीन दिन की दवाइयां निःशुल्क वितरित की गईं, जिनका वितरण अरुण द्वारा किया गया।

## मुरथल विवि में करीब साढ़े 29 करोड़ रुपये से करवाया जा रहा निर्माण

# समय सीमा बढ़ी : अब नवंबर तक होगा आर्किटेक्चर भवन का निर्माण

1. तीन साल में मात्र 65 प्रतिशत ही हुआ काम, नए सत्र में भी पुराने कमरों में लगेंगी कक्षाएं
2. ग्रीन भवन योजना के आधार पर किया जा रहा निर्माण, सोलर और वाटर हार्वेस्टिंग की मिलेगी सुविधा
3. नए भवन से खत्म होगी जगह की कमी, छात्रों को मिलेंगी आधुनिक सुविधाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

मुरथल स्थित दीनबंधु छोटू राम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में निर्माणाधीन आर्किटेक्चर विभाग के नए भवन का 3 वर्ष में केवल 65 प्रतिशत निर्माण कार्य ही पूरा हो पाया है। ऐसे में नए शैक्षणिक सत्र में आर्किटेक्चर विभाग की कक्षाएं नई इमारत में लग पाना संभव नहीं हो पाएगा। विश्वविद्यालय में आर्किटेक्चर विभाग के नए भवन का निर्माण पूरा करने के लिए पहले जून 2025 तक लक्ष्य रखा था, लेकिन कई कार्य शेष होने के चलते अब उक्त भवन के निर्माण को नवंबर 2026 तक पूरा करने का समय निर्धारित किया गया है। आर्किटेक्चर के नए भवन की खास बात यह रहेगी कि इसे अत्याधुनिक सुविधाओं के साथ भवन को ग्रीन भवन योजना के आधार पर बनाया जा रहा है। इससे भवन में कम बिजली खर्च होने के साथ भूकंप का भी कोई असर नहीं रहेगा।



**सोनीपत।** मुरथल स्थित दीनबंधु छोटू राम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में निर्माणाधीन आर्किटेक्चर विभाग का नया भवन।

### अब तक 20 करोड़ रुपये किए खर्च

बता दें कि मुरथल विश्वविद्यालय में हरियाणा पुलिस हाउसिंग कारपोरेशन की ओर से वर्ष 2023 में आर्किटेक्चर के नए भवन का निर्माण कार्य शुरू करवाया गया था। अब तक हुए करीब 65 फीसदी कार्य पर कुल साढ़े 29 करोड़ रुपये की राशि में से 20 करोड़ रुपये खर्च किए जा चुके हैं। पहले करीब 50 प्रतिशत कार्य पूर्ण होने के बाद निर्माण कार्य को बीच में ही बंद कर दिया गया था। इसके बाद विश्वविद्यालय ने तकनीकी शिक्षा विभाग से अधूरे पड़े निर्माण कार्य को पूरा कराने की मंजूरी मांगी थी। मुख्यालय से मंजूरी मिलने के बाद विश्वविद्यालय ने निर्माण कार्य को शुरू करवा दिया है। वहीं कुलपति ने संबंधित विभाग को जल्द कार्य पूरा करवाने के निर्देश दिए हैं, ताकि विवि के विद्यार्थियों को जल्द अत्याधुनिक सुविधाओं के साथ ग्रीन भपन मिल सके। नए भवन का निर्माण होने के बाद विश्वविद्यालय को एग्रीकल्चर व टेक्सटाइल विभाग शुरू करने में जगह की कमी नहीं होगी। भवन के निर्माण में ग्रीन भवन की गाइडलाइन व नई तकनीक का प्रयोग किया जा रहा है।

### बिजली की खपत के साथ खर्च में भी होगी कमी

निर्माणाधीन आर्किटेक्चर विभाग के नए भवन के नक्शे को इस हिसाब से डिजाइन किया गया है, ताकि कमरों तक सीधी रोशनी पहुंच सके। साथ धूप का भी कमरों में असर न पड़े। भवन के अंदर का तापमान सामान्य रह सके। साथ ही बिजली खपत को कम करने के लिए सोलर पैनल लगवाए जाएंगे। इससे बिजली की खपत के साथ खर्च भी कम किया जा सकेगा। वहीं भवन में वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम भी लगवाया जाएगा, ताकि बारिश के पानी का संचय कर भूजल स्तर की गिरावट को रोकने में सहयोग प्रदान किया जा सके।

### इन सुविधाओं से परिपूर्ण होगा भवन

मुरथल विश्वविद्यालय में निर्माणाधीन आर्किटेक्चर विभाग के नए भवन को करीब 9580 वर्ग मीटर में बनाया जा रहा है। उक्त भवन में विद्यार्थियों के लिए लघु पुस्तकालय, वर्कशाप, स्टूडियो, फर्स्ट-एड रूम व सेमिनार हॉल की सुविधा मुहैया करवाई जाएगी। साथ ही कान्फ्रेंस क्लास रूम, लैब एवं वर्कशाप, स्टेशनरी शॉप, छात्र-छात्राओं के लिए अलग-अलग कॉमन रूम, डीन कार्यालय, प्रोफेसर कार्यालय, स्टाफ रूम, कक्षा कक्ष व शौचालय जैसी सुविधाएं एक ही भवन में होंगी।

### विद्यार्थियों को मिलेगी अत्याधुनिक सुविधाएं

विश्वविद्यालय में मुख्यालय की मंजूरी मिलने पर नए आर्किटेक्चर भवन का निर्माण कार्य जारी है। हरियाणा पुलिस हाउसिंग कारपोरेशन की ओर से कार्य पूरा करने के लिए नवंबर 2026 तक समय निर्धारित की है। नए भवन का निर्माण से विद्यार्थियों को अत्याधुनिक सुविधाएं मिलेगी सकेंगी।

*-प्रो. श्रीप्रकाश सिंह, कुलपति, मुरथल विश्वविद्यालय*

## गोहाना-सोनीपत मार्ग स्थित उपमंडलीय परिसर में विशेष शिविर का आयोजन

# 118 इंतकालों को मौके पर दर्ज करने की दी मंजूरी



**गोहाना।** कानूनगो, गिरदावर और पटवारियों को निर्देश देते हुए नायब तहसीलदार जतिन्द्र गिल। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

गोहाना-सोनीपत मार्ग स्थित उपमंडलीय परिसर में लंबित इंतकालो के समाधान के लिए विशेष शिविर आयोजित किया गया। शिविर में मौके पर ही 118 इंतकाल दर्ज करने की मंजूरी प्रदान की गई।

नायब तहसीलदार गोहाना जतिन्द्र गिल ने कहा कि दर्ज किए सभी इंतकालों की संबंधित अधिकारियों द्वारा पूर्ण जांच उपरांत ही मंजूरी प्रदान करने की अंतिम कार्रवाही अमल में लाई गई। इंतकाल दर्ज करने की पूरी प्रक्रिया को ऑनलाइन रखा गया है जिससे आवेदक को किसी भी प्रकार की शिकायत ना रहे और जल्द से जल्द इंतकाल दर्ज हो सकें। इस अवसर पर उप तहसील खानपुर कलां की नायब तहसीलदार अंजू, कानूनगो रणबीर मलिक, अजय कुमार, ऑपरेटर शमशेर और गौरव के साथ सभी गिरदावर व पटवारी आदि उपस्थित रहे।

### डीसीएस का दिया प्रशिक्षण

*नायब तहसीलदार जतिन्द्र गिल के अनुसार हरियाणा सरकार ने रबी/खरीफ की फसलों के सटीक रिकॉर्ड के लिए डीसीएस (डिजिटल फसल सर्वेक्षण) शुरू किया गया है। इसके तहत पटवारी व अधिकारी टैबलेट ऐप के माध्यम से हर खेत की जियो-टैग की गई 3 फोटो खींचकर फसल डेटा (गेंहू, सरसों व धान) और सिंचाई का प्रकार ऑनलाइन अपलोड करते हैं। यह तकनीक एग्रीस्टैक पहल का हिस्सा है, जो किसानों को एक डिजिटल पहचान प्रदान करती है। इसके लिए भी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया गया।*

### मास्टर ट्रेनर करेंगे प्रशिक्षित

*जतिंद्र गिल ने कहा कि जनगणना 2027 को पूरा करने के लिए 1 मई से शुरू होने वाली गणना के लिए मास्टर ट्रेनर 6 अप्रैल से पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस एवं नगर परिषद कार्यालय में प्रशिक्षण देंगे। प्रशिक्षण में फील्ड वर्क से पहले प्रगणकों एवं प्रवेक्षकों को डिजिटल उपकरणों के प्रयोग का प्रशिक्षण दिया जाएगा।*

# धार्मिक आयोजनों से सुदृढ़ होती सेवा समर्पण की भावना : अरुण बंसल

- यमुनाघाट मीमारपुर के आशाधाम हनुमान मंदिर में जन्मोत्सव पर उमड़ा श्रद्धा का सैलाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

हनुमान जन्मोत्सव जैसे धार्मिक आयोजन समाज में भक्ति, सेवा और समर्पण की भावना को सुदृढ़ करते हैं तथा समाज में एकता और सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं। यह विचार समाजसेवी अरुण बंसल ने आशाधाम हनुमान मंदिर, यमुनाघाट मीमारपुर में आयोजित भव्य कार्यक्रम के दौरान व्यक्त किए। वे यहां हनुमान जन्मोत्सव समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करने पहुंचे थे। कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओं ने सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ किया और विधिवत आरती संपन्न की। मुख्य अतिथि अरुण बंसल ने भी आरती में भाग लेकर हनुमान का आशीर्वाद प्राप्त किया और चालीसा पाठ में सहभागिता की। मंदिर परिसर में आयोजित इस समारोह में पूरे दिन भक्ति का माहौल बना रहा। अरुण बंसल ने सफल आयोजन के लिए मंदिर सेवा समिति के सदस्यों और सेवादारों की सराहना करते हुए उन्हें साधुवाद दिया। इस अवसर पर समिति के पदाधिकारी और अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।



# सरकार के झूठे वादों से तंग आ चुकी जनता : दीवान

- जनसंपर्क अभियान के तहत कई कार्यक्रमों में कांग्रेसी शहरी जिलाध्यक्ष ने लिया हिस्सा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

कांग्रेस शहरी जिलाध्यक्ष कमल दिवान ने जनसंपर्क अभियान के तहत शहर के विभिन्न क्षेत्रों में अपनी उपस्थिति दर्ज कराते हुए कार्यकर्ताओं में जोश भरा। रविवार को कई महत्वपूर्ण कार्यक्रमों में शिरकत की और भाजपा सरकार पर जमकर निशाना साधा। कार्यक्रम की शुरुआत सेक्टर-23 में अजय हिंदू हृदय सम्राट शिरोमणि महाराजा सूरजमल की मूर्ति स्थापना कार्यक्रम से हुई। यहां जिला अध्यक्ष कमल दीवान ने महाराजा सूरजमल की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। उन्होंने कहा कि महाराजा सूरजमल का अदम्य साहस और त्याग हम सभी के लिए प्रेरणास्रोत है। उत्तम नगर में अनिल कुमार के नेतृत्व में एक विशाल जनसभा का आयोजन किया गया। जनसभा को संबोधित करते हुए कमल दिवान ने कहा कि आज सोनीपत की जनता भाजपा के झूठे वादों और कुशासन से तंग आ चुकी है। भ्रष्टाचार और विकास कार्यों की अनदेखी ने शहर को बदहाल कर दिया है। इस बार निगम चुनाव में कांग्रेस की भारी मतों से जीत पक्की है।




**सोनीपत।** कार्यक्रम में पहुंचें कांग्रेस शहरी जिलाध्यक्ष कमल दिवान को स्मृति चिन्ह भेंट करते हुए।

### ये रहे मौजूद

*जनसभा में जिला अध्यक्ष (ग्रामीण) संजीव दहिया ने भी कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर चुनाव मैदान में उतरने का आह्वान किया। इस अवसर पर अरुण सराफ कोऑर्डिनेटर, संगठन महासचिव मुकेश पन्नालाल उपाध्यक्ष प्रशांत शर्मा, महासचिव राजेश सेवली, सचिव बिन्नी भारद्वाज, सचिव प्रेम रेलन, सचिव अंकित मेहता और पूर्व प्रधान लीलू ककरोई ने भी अपने विचार रखे और क्षेत्र की समस्याओं पर चर्चा की।*

### बरगद, नीम, जामुन और पापड़ी के रोपे 34 पौधे

**गोहाना।** समाज कल्याण संगठन द्वारा रविवार को सोनीपत मार्ग के डिवाइडर पर बरगद, नीम, जामुन और पापड़ी के 34 पौधे रोपे। पौधारोपण संगठन के गोहाना को ग्रीन सिटी बनाने के अभियान के तहत किया गया। संगठन की टीम ने नवरोपित पौधों को ट्री गार्डों में संरक्षित किया ताकि पशु उनको कोई नुकसान न पहुंचाएं। संगठन के सदस्यों द्वारा नए पौधे रोपने के साथ पुराने पौधों की निराई-गुड़ाई करके टैंकर की सहायता से सिंचाई भी की गई। पुराने पौधों की सुरक्षा के लिए लगाए गए ट्री गार्डों को व्यवस्थित भी किया गया। अध्यक्षता संगठन अध्यक्ष आंनद जांगड़ा ने की। इस सेवा में हरीश पांचाल, डॉ. बिजेंद्र, अभिमन्यु शर्मा, अनूप वाल्मिकी, बलजीत जांगड़ा, मनोज कुमार, श्याम, जयंत और मोहित ने अपनी सेवाएं दी।






### समाज सुधार संकल्प समिति ने लगाया रक्तदान व स्वास्थ्य जांच शिविर, 300 लोगों ने कराया परीक्षण

**गन्नौर।** गांव राजलू गढ़ी में समाज सुधार संकल्प समिति द्वारा रविवार को रक्तदान एवं स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में करीब 300 लोगों ने भाग लेकर अपने स्वास्थ्य की जांच करवाई और कई युवाओं ने रक्तदान कर समाज सेवा का परिचय दिया। समिति के अध्यक्ष अजीत राठी ने बताया कि समिति समय-समय पर गांव में जनहित के कार्य करती रहती है। इनमें सफाई अभियान, स्वास्थ्य जांच शिविर, रक्तदान शिविर तथा शिक्षा के क्षेत्र में जागरूकता फैलाना प्रमुख रूप से शामिल है। शिविर के दौरान स्वास्थ्य विशेषज्ञों द्वारा लोगों की सामान्य जांच की गई और उन्हें स्वास्थ्य संबंधी आवश्यक परामर्श भी दिए गए। रक्तदान करने वाले युवाओं को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। इसके बाद समिति की बैठक भी आयोजित की गई, जिसमें आगामी 14 अप्रैल को डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती के आयोजन की रूपरेखा तैयार की गई। समिति के पदाधिकारियों ने सभी ग्रामवासियों से अपील की कि वे अधिक से अधिक संख्या में आर्य समाज धर्मशाला में पहुंचकर कार्यक्रम में भाग लें।

# महापुरुषों की उपस्थिति में जनसेवा संस्थान के नौंवे परिसर की स्थापना हुई : अरविंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

सहकारिता, कारागार, निर्वाचन, विरासत व पर्यटन मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने कहा कि गोहाना की मिट्टी में सेवाभाव है। वे जनसेवा संस्थान रोहतक की गोहाना इकाई द्वारा शहर में जींद मार्ग पर स्थापित लाला कपूर चन्द अग्रवाल अनाथ आश्रम एवं वृद्ध आश्रम का लोकार्पण करने पहुंचे थे। जनसेवा संस्थान के संचालक डॉ. परमानंद महाराज के मार्गदर्शन में प्रदेश में बुजुर्गों, निराश्रितों की सेवा के लिए यह नौंवा संस्थान है। कैबिनेट मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने कहा कि सन्त, महापुरुषों की गौरवमयी उपस्थिति में जनसेवा संस्थान के नौंवे परिसर की स्थापना हुई है। गोहाना हमेशा से ही सेवा भाव मे आगे रहा है। कैबिनेट मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने अपने स्वैच्छिक कोष से 21 लाख रुपए संस्थान में विकास कार्यों हेतु देने की घोषणा की।



### ये रहे मौजूद

*इस अवसर पर महामंडलेश्वर डॉ. परमानंद महाराज, महामंडलेश्वर स्वामी कर्णपुरी महाराज, महंत कमल पुरी महाराज, महंत मदन गोसाईं, मुकुंद हरि महाराज, जितेन्द्रानंद, रामधारी जिंदल, लाला कपूर चन्द अग्रवाल, श्याम लाल वशिष्ठ, सुनील मेहता आदि मौजूद रहे।*



**गन्नौर।** डॉ. सुधीर शर्मा व डा कविता शोबु गीतों की प्रस्तुती देते हुए।

### गीतों भरी शाम व परिवार मिलन समारोह में जमकर झूमे श्रोता

**गन्नौर।** भारत विकास परिषद की वीर सावरकर शाखा एवं हरियाणा कला परिषद के संयुक्त तत्वावधान में दीवान गार्डन में गीतों भरी शाम, सुरीली सांझ एवं परिवार मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में हरियाणा मध्य प्रांत के महासचिव वनीत अधि ने नव निर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई दी और उन्हें शपथ दिलाई। इस दौरान मंजू शर्मा को अध्यक्ष, प्रीतम आहूजा को सचिव और पूनम सिंघल को कोषाध्यक्ष बनाया गया। कार्यक्रम में समाजसेवी अंकित मल्होत्रा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। परिषद के पूर्व अध्यक्ष प्रवीण सिंघल ने अतिथियों का स्वागत किया। सांस्कृतिक प्रस्तुति में डा सुधीर शर्मा व डा कविता शोबु ने भक्ति, पुराने फिल्मी व हरियाणवी गीतों से समा बांध दिया, जिस पर श्रोता झूम उठे। मोनिका गुजराल ने मंच संचालन किया।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन : 9253681005, 9253681010

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन 0130-4012310, 9253681028

## कार्यक्रम की शुरुआत पदाधिकारियों व सदस्यों ने मंत्रोच्चारण के साथ हवन में आहुति डालकर की

# लंबे विवाद के बाद सेक्टर-23 में महाराज सूरजमल की प्रतिमा का हुआ अनावरण

प्रतिमा के अनावरण के पश्चात देसी घी का भंडारा लगाकर लोगों को प्रसाद खिलाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

महलाना रोड स्थित सेक्टर-23 चौक पर लंबे विवाद के बाद रविवार को वीर शिरोमणि महाराज सूरजमल की प्रतिमा का अनावरण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली, विधायक निखिल मदान व निवर्तमान मेयर राजीव जैन ने शिरकत की। महाराजा सूरजमल अनावरण स्मारक आयोजन समिति के पदाधिकारियों व सदस्यों ने कार्यक्रम की शुरुआत मंत्रोच्चारण के साथ हवन में आहुति डालकर की गई। प्रतिमा के अनावरण के पश्चात देसी घी का भंडारा लगाकर लोगों को प्रसाद खिलाया गया। सेक्टर-23 के लोगों व रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन की ओर से आनंद हुड्डा व समाजसेवी डॉ. धर्मवीर मलिक योगी, समिति के सदस्यों ने कार्यक्रम में सभी का स्वागत किया।



**सोनीपत** सेक्टर-23 में महाराज सूरजमल की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करते अतिथि व समिति के सदस्य।

### युवाओं में साहस व जागरूकता लाना उद्देश्य : बड़ौली

इससे पहले सेक्टर-23 चौक पर प्रस्तावित वीर शिरोमणि महाराजा सूरजमल की प्रतिमा के अनावरण कार्यक्रम को 25 दिसंबर 2025 को प्रशासन के दखल के बाद स्थगित कर दिया गया था। इसके बाद आरडब्ल्यूए सेक्टर-23 ने अनावरण व आयोजन कार्यक्रम का जिम्मा सरकार को सौंपा दिया था। अब प्रशासन और समिति व आरडब्ल्यूए सेक्टर-23 के बीच आपसी सहमति बनने के बाद प्रतिमा के अनावरण किया गया है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली ने कहा कि सूरजमल की प्रतिमा का अनावरण युवाओं में साहस व जागरूकता लाना है। महाराजा सूरजमल ने भी अनेक लडाइयां लड़ी, उनकी लड़ाई भी इतिहास में दर्ज है। युवाओं को भी महाराजा सूरजमल की प्रेरणा से आगे बढ़ना चाहिए। कार्यक्रम में शहरी कांग्रेस जिलाध्यक्ष कमल दीवान, ग्रामीण कांग्रेस जिलाध्यक्ष संजीव दहिया, टीकाराम शिक्षण संस्थान प्रधान सुरेंद्र दहिया, समिति के संरक्षक आनंद हुड्डा, सेक्टर-23 आरडब्ल्यूए के प्रधान राजेश दहिया, डॉ. धर्मवीर मलिक योगी, सदस्य काला पहलवान, भगत मलिक, डॉ. राजबीर मलिक, मास्टर जैनेंद्र, अनिल ढुल, वेद गहलावत, ओम कुमार, बलजीत दहिया, आजाद खत्री, सचिन श्योराण मौजूद रहे।

### 5 राज्यों में बनेगी भाजपा की सरकार

इस दौरान पत्रकारों से बातचीत के दौरान भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि 5 राज्यों में होने जा रहे विधानसभा चुनाव में भाजपा की जीत होगी। असम में तीसरी बार भाजपा की सरकार बनेगी। वहीं पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस को हराकर भाजपा अपनी सरकार बनाएगी। मोहनलाल बड़ौली ने कहा कि सरकार की ओर से मंडियों में लागू की गई बायोमेट्रिक प्रणाली का विरोध नहीं करना चाहिए। बायोमेट्रिक प्रणाली किसानों व व्यापारियों के हक में है।